R.N.I. Rg. No. : 35394/77 E-mail : dvp.jhs@gmail.com / vishwapariwar@rediffmail.com Web. : www.dainikvishwapariwar.com

# दैनिक विश्व परिवार

झांसी (उ.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित

● अंक : 43 ● वर्ष : 49 ● झांसी : बुधवार 4 दिसम्बर, 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 4 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

सब कुछ करते हुए भी कर्ता भाव नहीं रखना यही साधक का प्रोफिट है।

आर्यिका श्री 105 पूर्णमति माता जी



**संभल हिंसा का पाकिस्तानी कनेक्शन**

## बवाल में विदेशी कारतूस का हुआ इस्तेमाल, जांच टीम को मिले 9 एमएम के खोखे



**संभल ( एजेंसी )।** संभल बवाल में पाकिस्तान और यूएसए में बने कारतूसों के मिलने से जांच में गंभीर तथ्य सामने आए हैं। नौ एमएम का सरकारी असलहे में इस्तेमाल होने वाला कारतूस भी मिला है। पुलिस अब इन हथियारों की पहुंच और उपयोग की जांच करेगी।

जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में नौ एमएम पिस्टल का भी इस्तेमाल किया गया। मंगलवार को पुलिस छानबीन के दौरान मोहल्ला कोटगर्वी में टंकी रोड पर कूड़े के अंदर पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्टरी में बने एक कारतूस और एक खोखा मिला है। इसके अलावा 12 बोर का यूएसए में बना खोखा मिला है। इसी तरह तीन खोखे 32 बोर के भी मिले हैं। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि यह गंभीर तथ्य सामने आया है। इसकी बारीकी से जांच की जाएगी। नौ एमएम कारतूस का इस्तेमाल सरकारी असलहा में ही किया जाता है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे। किसने पिस्टल का बवाल में इस्तेमाल किया है। एसपी ने बताया कि मंगलवार को पुलिस की जांच टीम छानबीन कर रही थी। इसी दौरान एक खोखा और एक कारतूस पुलिस को मिला है। इसके पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्टरी का होने का प्रमाण मिला है।

इसी तरह यूएसए में बना एक 12 बोर का खोखा भी मिला है। 32 बोर के तीन खोखे मिले हैं। एसपी ने कहा कि अब जांच यह भी की जाएगी कि पाकिस्तान और यूएसए का कारतूस संभल तक कैसे पहुंचा और किस हथियार में इस्तेमाल किया गया।

दस दिसंबर तक जिले में बाहरी रोक के बावजूद मंगलवार को जमीयत उलमा-ए-हिंद और कांग्रेसी नेता पीड़ित परिवारों से मिलकर चले गए। पुलिस-प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाहरी लोगों को रोकने में खुफिया तंत्र भी असफल रहा। जबकि अधिकारी लगातार निगरानी की बात कह रहे हैं। जमीयत उलमा ए हिंद के पदाधिकारियों ने भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।

इसी तरह कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व यूपी के प्रदेश सचिव भी मुलाकात करने के लिए पहुंचे। शनिवार को हैदराबाद निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सलमान ने मुलाकात की थी। अन्य सामाजिक कार्यकर्ता भी पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर चुके हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है।

## राहुल गांधी आज सुबह जाएंगे संभल, पीड़ित परिवारों से करेंगे मुलाकात



**नोएडा ( एजेंसी )।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार सुबह संभल जाएंगे और पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। इस बात की जानकारी सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने दी।

संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल के बाद पीड़ित परिवारों से मिलने का सिलसिला जारी है। हालांकि प्रदेश सरकार ने अभी तक किसी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मंडल को संभल जाने की अनुमति नहीं दी है।

खबर आ रही है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बुधवार सुबह संभल जाएंगे और पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। इस बात की जानकारी सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने दी। वहीं मंगलवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी और प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी हिंसा प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका दर्द साझा किया और उनकी समस्याओं को सुना।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेताओं ने पीड़ितों की प्रियंका गांधी से फोन पर बात भी कराई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार की नाकामी के चलते ऐसी घटनाएं हो रही हैं। संभल में 24 नवंबर की सुबह जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क उठी थी।

सर्वे के दौरान हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। इसमें कई पुलिसकर्मी भी शामिल थे। घटना के बाद चार दिनों तक बाजार बंद रहे और इलाके में तनाव का माहौल बना रहा। हिंसा के बाद संभल में प्रशासन ने हालात सामान्य करने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। पुलिस उपद्रवियों की पहचान में जुटी है। अभी तक 300 से अधिक लोगों के पोस्टर जारी किए जा चुके हैं।

इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने प्रशासन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। कहा कि मुसलमानों ने कोई पथराव नहीं किया। प्रशासन ने संभल को जलाने का काम किया। संभल के जरिये पूरे मुल्क का माहौल बिगाड़ने की साजिश रची गई थी।

यह बातें उन्होंने सोमवार को मुरादाबाद में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में कही। कहा कि प्रशासन ने घायलों से मिलने पर पाबंदी लगा रखी है।

## एलएसी पर शांति बहाली के बाद सीमा विवाद सुलझाने पर जोर, जयशंकर ने लोकसभा में दी जानकारी



*नई दिल्ली ( एजेंसी )। लोकसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत-चीन सीमा विवाद पर जानकारी देते हुए कहा कि, एलएसी पर हालात सामान्य है। फिलहाल शांति बहाली की कोशिश जारी है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि, सीमा पर हालात सुधारने के लिए दोनों देश प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि, कोई भी पक्ष स्थिति से छेड़छाड़ नहीं करेगा और सहमति से ही सभी मसलों का समाधान किया जाएगा। चीन से बातचीत के बारे में जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि, सीमा पर हालात सामान्य होने के बाद ही चीन से बातचीत की गई है।*

*विदेश मंत्री ने कहा कि, एलएसी पर बहाली का पूरा श्रेय सेना को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि, कूटनीतिक पहल से सीमा पर हालात सामान्य हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच सहमति बनी है कि यथास्थिति में एकतरफा बदलाव नहीं किया जाएगा और साथ ही दोनों देशों के बीच पुराने समझौतों का पालन किया जाएगा। सीमा पर शांति के बिना भारत-चीन के संबंध सामान्य नहीं रह सकते।*

*लोकसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, मैं सदन को भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल के कुछ घटनाक्रमों और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभावों से अवगत कराना चाहता हूं। सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द भंग हुआ था।*






## झारखंड में पांच दिसंबर को सोरेन के नए मंत्रिमंडल का शपथ

**रांची ( एजेंसी )।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी होने पांच दिन बाद हुए शपथ ग्रहण समारोह में अकेले हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। जबकि दो चरणों में हुए विधानसभा चुनाव में झामुमो नीत गठबंधन को 81 में से 56 सीटें मिली थी। इसमें झामुमो राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, जिसने मात्र 43 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए 34 सीटों पर जीत हासिल की थी। झारखंड में पांच दिसंबर को राज्य सरकार के नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह होगा। जिसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद और लेफ्ट के विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। हालांकि किस दल से कितने मंत्री बनेंगे, अभी तक इसका खुलासा नहीं हो सका है। जबकि, इससे पहले 28 नवंबर को राज्य में हुए शपथ ग्रहण समारोह में सिर्फ हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। बता दें कि, हेमंत सोरेन चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। सूत्रों के अनुसार, जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी से ही मंत्री बनाए जाने हैं, इसमें जेएमएम से छह, कांग्रेस से चार, आरजेडी से एक मंत्री बनेंगे। जबकि अन्य सहयोगी दल सीपीआई (एमएल) (एल) ने मंत्री पद लेने से मना कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, हेमंत सोरेन के अकेले शपथ लेने की वजह ये थी कि गठबंधन में मंत्री पदों के लेकर सहमति नहीं बन सकी थी। झारखंड में राजद के एक विधायक को भी मंत्री पद दिया जाना है। इसमें सबसे पहला नाम देवघर के विधायक सुरेश पासवान है, जो राजद विधायक दल के नेता चुने गए हैं। राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के साथ ही हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि जल्द ही विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा।




## संक्षिप्त समाचार

### चोरों ने बाहर खड़े दो ट्रैक्टरों की बैटरी कर दी पार

बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र के पुराने थाने के पास से अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टरों को निशाना बनाते हुए बैट्री पार किया। ट्रैक्टर मालिक सीताराम सिंह सेंगर ने बताया कि उसका तथा उसके पड़ोसी अजित सिंह का ट्रैक्टर गांव में ही उनके घर के बाहर पुराने थाने के मैदान में खड़ा रहता है। बीती रात को अज्ञात चोरों ने उसके तथा पड़ोसी दोनों के ट्रैक्टरों की बैट्री खोलकर ले गए। ट्रैक्टर मालिक सीताराम सिंह सेंगर ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनके पड़ोस में तेजिया पैलेस में थाना क्षेत्र के ही रामपुर गांव के एक व्यक्ति की लड़की की शादी हो रही थी जिसकी बरात आई हुई थी।चुकी पैलेस में गाड़ी खड़ी करने के लिए गाड़ी खड़ी करने के लिए कोई पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण गाड़ियां पुराने थाने के मैदान में ही खड़ी होती हैं।दोनों ट्रैक्टर मालिकों ने लड़की पक्ष या लड़का पक्ष के ही लोगों पर बैट्री चोरी करने की आशंका जताई है।थाना प्रभारी मोनी निषाद ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है।

### स्वर्ण आर्मी टीम पहुंची गांव, पीड़ित परिवार को दिया आश्वासन

बांदा। जिले के गिरवां थाना अंतर्गत दुर्गापुर सोहाव गाँव में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है, जहाँ प्रमोद मिश्रा नामक एक व्यक्ति 29 नवंबर से लापता है। उनकी माता रेखा देवी ने बताया कि प्रमोद को आखिरी बार दुर्गापुर गेट पर एक गाँव के व्यक्ति द्वारा देखा गया था, लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला है।


परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रमोद की बहन रोशनी की शादी 9 दिसंबर को होने वाली है और प्रमोद ही शादी के सभी इंतजाम देख रहा था। सवर्ण आर्मी जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी ने इस मामले में संज्ञान लिया है और प्रमोद की माता को आश्वासन दिया है कि सवर्ण आर्मी टीम रोशनी की शादी के लिए मदद करेगी। उम्मीद है कि प्रमोद जल्द ही सुरक्षित घर वापस आएगा और उसकी बहन की शादी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकेगी।

### बांग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ उन्नाव में बड़ा प्रदर्शन



उन्नाव। बांग्लादेश में हिन्दुओ पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ अब हिंदू समाज ने आवाज बुलंद कर दी है । हिंदू समाज पर हो रहे जुल्म व मंदिरों को तोड़ने को लेकर देश मे उबाल और गुस्सा है। उन्नाव में बांग्लादेशी हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति बैनर तले विशाल हिंदू जन आक्रोश विरोध प्रदर्शन यात्रा का आयोजन किया गया। जनाक्रोश विरोध यात्रा में भाजपा के सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंत नगर से विधायक आशुतोष शुक्ला, पुरवा विधायक अनिल सिंह, सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, हिंदूवादी नेता विमल द्विवेदी, रघुवंश मणि त्रिवेदी व संत समाज की उपस्थिति में विशाल जनाक्रोश यात्रा से पहले शहर के रामलीला मैदान में सभा कर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विस्तार से विश्लेषण कर हिंदू समाज को एकजुट होने का आवाहन किया गया। शहर में निकली 3 किलोमीटर जनाक्रोश यात्रा में हजारों की संख्या में भीड़ शामिल हुई। भीड़ के हाथों में हिन्दू जागो, सेव फ़ॉर बांग्लादेश हिन्दू जैसे स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से हिंदू समाज को जगाने का प्रयास किया गया। भीड़ में भगवा झंडे व जय श्रीराम का उद्घोष बुलंद रहा तो वहीं हांथ में फरसा व गदा से हिंदू समाज की ताकत दिखाने का प्रयास किया गया। उन्नाव शहर के रामलीला मैदान से छ्रूआफिस तक विशाल जनाक्रोश यात्रा निकाली गई। डीएम कार्यालय में विधायकों के साथ हिंदूवादी नेताओं ने राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन डीएम को सौंप कर बांग्लादेश में ही हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने और आरोपियों पर सख्त कार्यवाही दिलाने की मांग रखी है।

### उन्नाव माखी दुष्कर्म कांड के मुख्य सी0बी0आई0 गवाह की सुरक्षा वापस होने के बाद पीड़ित ने डीएम ऑफिस पहुंच कर सुरक्षा देने की करी मांग



उन्नाव। थाना माखी के सौंदई मजरा के रहने वाले पीड़ित संदीप सिंह ने आज डीएम ऑफिस पहुंच कर डीएम उन्नाव से सुरक्षा दिलाने की मांग की है। बता दे कि पीड़ित माखी दुष्कर्म कांड के सी0बी0आई0 के मुख्य गवाह ने आज एसपी ऑफिस पहुंच कर एसपी से सुरक्षा दिलाने की मांग की है पीड़ित ने बताया है कि उसकी सुरक्षा ले ली गई है जिसके चलते उसकी जान माल की सुरक्षा को खतरा है, पीड़ित ने बताया कि उसको अपना घर छोड़ कर दूसरी जगह घर ले कर रहना पड़ रहा है। बताया की आरोपियों की उच्च न्यायलय से रिहाई के बाद उनकी जान का खतरा बढ़ गया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी सुरक्षा 19 सितंबर को वापस ले ली गई जिसके चलते पीड़ित की जान माल का खतरा बढ़ गया है। जिसके चलते उसके साथ कोई भी घटना घट सकती है। जिसके चलते आज एसपी ऑफिस पहुंच कर पीड़ित संदीप सिंह ने डीएम से सुरक्षा दिलाने की मांग की है। पीड़ित संदीप ने बताया है कि डीएम ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेज कर जांच कराने को बताया है।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर हिंदू संगठन ने जताया विरोध

**हिंदू रक्षा संघर्ष समिति और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने भारत सरकार को ज्ञापन भेजकर बांग्लादेश की बर्बरता के हस्ताक्षेप करने की मांग की है**



बांदा। बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही बर्बरता को लेकर हजारों की तादाद में लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन। डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन। हिंदू रक्षा संघर्ष समिति के लोगों ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हत्या, लूट, आगजनी जैसे कृत्य को दिया जा रहा अंजाम। इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के मंदिरों एवं मोहल्लों में आग जनी व हत्या जैसी घटनाओं को दिया जा रहा है अंजाम। बांग्लादेश सरकार एवं उनकी सुरक्षा एजेंसियां, मूक दर्शक बनकर सिर्फ देख रही है तमाशा, हिंदुओं की नहीं की जा रही है सुरक्षा। जनपद में आक्रोशित हिंदू संगठन के लोगों ने बांग्लादेश के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन। बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं के साथ में क्रूरता व बलात्कार जैसी घिनौनी घटनाओं को दिया जा रहा है अंजाम। इन घटनाओं पर हस्तक्षेप करने के लिए लोगों ने भारत सरकार से अपील की है। इसी तरह जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा के प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि समाज में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वाहन कर रहे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों (विशेषकर हिंदुओं) पर हो रहे अत्याचार एवं इस्कॉन मंदिर के हिंदू संत चिन्मयकृष्ण दास को जेल में बंद किए जाने की कड़ी भर्त्सना एवं निंदा करता है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों (विशेषकर हिंदुओं) का उत्पीड़न वहां स्थापित सरकार द्वारा रोका जाए। हिंदू संत चिन्मयकृष्ण दास को तत्काल जेल से रिहा किया जाए। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष डॉ शिवप्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह सहित विश्वनाथ प्रताप सिंह, सुधीन्द्र बाबू दीक्षित, अन्नपूर्णा शुक्ला, विनोद कुमार शिवहरे, संतोष कुमार मिश्र, मनोज सिंह, कनिष्का द्विवेदी, ऋतुराज खरे, शैलेंद्र परिहार, सुरेंद्रवीर वर्मा, धनंजय प्रजापति, लाल बहादुर सिंह, मनीष कुमार, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवारों की मौत

बांदा। बाइक से गांव जा रहे दो युवको को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के रिसौरा गांव के मजरा पाड़ादेव निवासी 32 वर्षीय गोपाल पुत्र रामलाल सोमवार की रात अपने 29 वर्षीय फुफेरे भाई रज्जू पुत्र राममनोहर निवासी जवाहर नगर कबरई महोबा के साथ बाइक में बैठ कर नरैनी से पाड़ादेव जा रहे थे। तभी रिसौरा गांव स्थित पुल के पास सामने से आ रहे, अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमें दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो को उठाकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद दोनो को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। य्मृतक गोपाल दो भाइयो में छोटा था। बडा भाइ बृजेश सूरत में रहता है। वही रज्जू अपने पता की इकलौती संतान था। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाली प्रभारी रामकिशोर सिंह ने बताया वाहन की तलाश की जा रही है।

## मरौली खंड का अवैध खनन सुर्खियों में

**खंड-1 और 5 के खनन से जीवनदायिनी केन नदी के अस्तित्व पर मंडरा रहा है खतरे का बादल**



बांदा। मरौली खंड में अवैध बालू खनन की रफ्तार कम नहीं हो रही है, जबकि कई बार जिलाधिकारी द्वारा भेजी गई टीम ने अवैध खनन पकड़ा है और लंबा जुर्माना ठोका है। मटौंध थाना क्षेत्र के ग्राम मरौली में मरौली खंड संख्या-1 और खंड संख्या-5 के बालू पट्टे चल रहे हैं, इन खंडों ने अवैध खनन के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। मरौली खंड के अवैध खनन की चर्चा मीडिया, सोशल, पोर्टल चैनलों में जोरों पर चल रही हैं कि बड़े-बड़े हैवी पोकलैंड मशीनों को पानी में कुदाकर खनन माफिया बालू निकालते हैं। यहां तक की खनन पट्टे से हटकर कई घनमीटर अवैध खनन करते हैं, कई मीटर तक बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर बालू निकालते हैं जिससे ग्राम वासियों को खतरा बना है। जानकारी के अनुसार मरौली खंड में चल रहे बालू खनन शुरू से ही विवादित रही है। खनन माफियाओं का मानना है कि प्रशासन डाल-डाल तो माफिया पात-पात, जितनी बार अधिकारी जुर्माना करेंगे उससे कई अधिक अवैध खनन को रफ्तार खनन माफिया देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मरौली में चल रहे खंड-1 और खंड-5 के अवैध खनन से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं और जीवनदायिनी केन नदी के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। मरौली खंड में अभी विगत दिनों किसानों ने फसलों का नुकसान का मुआवजा मांगा था जिसका प्रशासन ने अभी तक संज्ञान नहीं लिया। क्षेत्र वासियों का कहना है कि मरौली खंड-1 और 5 पर प्रशासन जांच करें, तो फिर से अवैध खनन मौके पर पाया जा सकता है।

## सकारात्मक विचारों से तनाव मुक्ति संभवः भगवान भाई

गुरसराय । गुरसराय के भदरवारा गांव में ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित एक आध्यात्मिक कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू के वरिष्ठ बी.के. भगवान भाई जी ने उपस्थित ईश्वर प्रेमी भाई-बहनों को खुशहाल जीवन जीने के लिए सकारात्मक विचारों और आध्यात्मिक जीवनशैली का महत्व समझाया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बी.के. भगवान भाई जी ने कहा कि आज के युग में मानसिक तनाव और नकारात्मकता ने हमारे जीवन को जटिल बना दिया है। हर व्यक्ति सुख और शांति की तलाश में है, लेकिन बाहरी परिस्थितियों के कारण यह शांति मिल पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सकारात्मक विचार ही वह साधन है, जो हमें जीवन में स्थायी खुशी और संतोष प्रदान कर सकता है। सकारात्मक सोच से जीवन में बदलाव आ सकता है।

उन्होंने बताया कि विचार हमारे जीवन का आधार हैं। जैसे हम सोचते हैं, वैसा ही हमारा व्यवहार बनता है और वही हमारी आदतों को प्रभावित करता है। यदि हमारे विचार सकारात्मक और रचनात्मक होंगे, तो हमारा जीवन खुशहाल और शांतिपूर्ण बन सकता है।

आध्यात्मिकता का महत्व पर भगवान भाई जी ने कहा कि जीवन को सही दिशा में ले जाने के लिए हमें अपने मन और आत्मा को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए ध्यान, प्रार्थना और योग जैसे आध्यात्मिक अभ्यास महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान में सिखाए जाने वाले राजयोग ध्यान का अभ्यास मानसिक शांति प्रदान करता है और आत्मा की शक्ति को बढ़ाता है।

उन्होंने उदाहरण देकर समझाया कि जैसे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार और व्यायाम जरूरी है, वैसे ही मन और आत्मा को शक्तिशाली बनाने के लिए सकारात्मक विचारों और ध्यान का अभ्यास अनिवार्य है।परिवार और समाज में सकारात्मकता का प्रसार हो तब जीवन सुखमय हो सकता है।

बी.के. भगवान भाई जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि जब व्यक्ति स्वयं सकारात्मक होता है, तो इसका प्रभाव उसके परिवार और समाज पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि परिवार में प्रेम, आपसी समझ और सहयोग बनाए रखने के लिए हमें पहले खुद को बदलना होगा। जब हम अपने विचारों को सकारात्मक बनाएंगे, तो हमारे रिश्ते और बेहतर होंगे।

उन्होंने गांव में उपस्थित महिलाओं और युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आज की पीढ़ी के सामने कई चुनौतियां हैं, लेकिन यदि हम उन्हें सही दिशा में प्रेरित करें और सकारात्मक मूल्यों का पाठ पढ़ाएं, तो वे अपने जीवन में सफलता और संतोष प्राप्त कर सकते हैं।

प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने का सुझाव देते हुए मऊरानीपुर ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र कि प्रभारी बी के कविता बहन जी ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली के कारण आज हमारा स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को प्राकृतिक और सादा जीवन जीने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हमारा खान-पान और दिनचर्या हमारी मानसिक और शारीरिक स्थिति पर गहरा प्रभाव डालते हैं। स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम न केवल अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त कर सकते हैं।

सभा के अंत में बी के पूजा बहन ब्रह्माकुमारीज संस्थान की अन्य बहनों ने राजयोग ध्यान का छोटा अभ्यास कराया, जिससे सभी ने गहरी शांति का अनुभव किया। ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को एक नई ऊर्जा और प्रेरणा के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने बी.के. भगवान भाई जी का यह संदेश हमारे जीवन में सकारात्मकता और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक है। उनके विचार हमें यह सिखाते हैं कि कैसे हम अपने विचारों को सकारात्मक बनाकर जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और शांति प्राप्त कर सकते हैं।

बी के शिवदयाल भाई जी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आयोजित होने चाहिए, ताकि हर व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बना सके और समाज में सुख, शांति और सद्भाव का वातावरण स्थापित हो।ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू के बी.के. भगवान भाई में सकारात्मक विचारों का संदेश

बीके कल्याणी बहन जी ने कहा कि भटवारा गांव के लोगों ने बी.के. भगवान भाई जी द्वारा दिए गए प्रेरणादायक संदेश की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका यह संदेश न केवल हमारे जीवन को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे समाज को भी नई दिशा देगा।

अंत मेंबी के भगवान भाई जी ने राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया, जिससे सभी ने गहरी शांति का अनुभव किया। ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम को एक नई ऊर्जा और प्रेरणा के रूप में स्वीकार किया।

## निर्धारित लक्ष्य के साथ करें पढ़ाईः डी पी तिवारी






गुरसरांय। राजकीय हाई - स्कूल बिजौरा में पंख पोर्टल कैरियर गाइडेन्स के अन्तर्गत कैरियर मेले का आयोजन किया गया ,जिसमे बच्चों ने आकर्षक दुकानें सजाई।दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद फीता काटकर मेले का उद्घाटन करने के बाद मुख्य अतिथि खेर इन्टर कॉलेज गुरसराय के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने छात्र छात्राओं को कैरियर से सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य निश्चित लक्ष्य होना चाहिए,जिसने अपने सही मार्ग एवं लक्ष्य का चयन कर लिया,वह निश्चित सफलता को प्राप्त करता है।

विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष जगमोहन समेले, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह पटेल पिपरा, चिकित्साधिकारी कोमल सिंह एवं संगीतकार सरजू शरण पाठक ने बच्चों को संबोधित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में चयन के लिए प्रशासनिक,मेडिकल ,संगीत ,कला के लिए मार्गदर्शन किया।वक्ताओं ने कहा कि दृढ़ संकल्प हो तो लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है।

संचालन अबधेश कुमार पिपरैया ने किया।

अंत मे प्रभारी प्रधानाचार्य विवेक तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रवीण गुप्ता, गोविंदास,अंकित सेन,शिवधनी आदि अध्यापक उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चिल्ली वि0 खं0 मुस्करा (हमीरपुर)

पत्रांक—मेमो / विज्ञप्ति / 2023—24 दिनांक 03—12—2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, लघु सिचांई विभाग एवं व्यापारकर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा सेल टैक्स विभाग में पंजीकृत व्यापारियों से अन्ना गौवंश निधि/अन्य वित्त योजना से पाप्त धन से कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु अलग—अलग मुहरबंद निविदायें दिनांक—11—12—2024 को अपराहन 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय चिल्ली में आमन्त्रित की जाती है, जो कि उसी दिन अपराहन 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निधारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 04—12—2024 से 11—12—2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघर पासबुक या नगद जमा ग्राम पंचायत रूप पत्र 7 के रुप में जो कि ग्राम पंचायत चिल्ली के पदनाम से बन्धक हो, निविदा के संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा स्वीकृति होने पर 100.00 रुपये का स्टाम्प पेपर में अनुबंध करना होगा। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को निरस्त करने/आंशिक अथवा पूर्ण रुप से संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्य का पूर्ण विवरण कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

| क्र. | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य स्थल का नाम | स्वीकृत लागत लाख में | धरोहर धन राशि 2% | निविदा शुल्क + जीएसटी | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | सोलिंग बजरा | मुख्य नहर से बृजराज के खेत तक। | 49866 | 9973 | 590 | 6 माह |
| 2 | मनरेगा | सी0 सी0 रोड निर्माण | सन्तराम के मकान से प्राथमिक विद्यालय तक। (अवशेष सामग्री आपूर्ति) | 57059 | 1141 | 266 | 6 माह |

**अन्य शर्तें :—**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगीं।
3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट—बढ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पहले स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निधारित अवधि में पूर्ण न करने पर बिना नोटिस के अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा, नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किये जायेंगे।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत—चिल्ली**
**विकास खण्ड—मुस्करा (हमीरपुर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत—चिल्ली**
**विकास खण्ड—मुस्करा (हमीरपुर)**


## विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों ने कई मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन, कहा जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी काला दिवस मनाएंगे

उन्नाव। मगंलवार को विश्व दिव्यांगजन दिवस के मौके पर दिव्यांगजन समुदाय ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट उन्नाव राजीव राज को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश महासचिव तन्मय श्रीवास्तव द्वारा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगजनों की कई मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन प्रेषित किए गए, लेकिन अब तक इन मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जब तक इन मांगों का समाधान नहीं होगा, दिव्यांगजन दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। बता दे कि ज्ञापन में दिव्यांगजन समुदाय की कई महत्वपूर्ण मांगें शामिल थीं, जिनमें सरकारी नौकरियों में आरक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, और दिव्यांगजनों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही गई। तन्मय श्रीवास्तव ने बताया कि इस ज्ञापन में दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य सरकार से तत्काल कदम उठाने की मांग की गई है। यह है प्रमुख मांगे- मुख्य सेविका पद पर दिव्यांग अभ्यर्थियों का समावेश- प्रदेश महासचिव ने मांग की है कि क्क॥ Locomotor Disability के दिव्यांग अभ्यर्थियों को मुख्य सेविका पद पर चयन प्रक्रिया में शामिल कर नियुक्ति दी जाए। लेखापाल पद पर दिव्यांगजनों की नियुक्ति, इको गार्डन लखनऊ में धरना दे रहे दिव्यांगजनों की तत्काल नियुक्ति करने की मांग की गई है, जो लेखापाल पद पर चयनित हैं। राजस्व विभाग में कार्यरत दिव्यांगजनों का विनियमितीकरण- उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सजीनल संग्रह अमीन के पदों पर नियमित किया जाए। सामाजिक समानता कानून- दिव्यांगजनों को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, और सुरक्षा की 100 प्रतिशत गारंटी देने के लिए एक सामाजिक समानता कानून बनाने की मांग की गई। दिव्यांगजन अधिनियम 2016 का पूरा पालन- दिव्यांगजन अधिनियम 2016 को पूरी तरह से लागू करने और इसके प्रचार-प्रसार के लिए सभी सरकारी संस्थाओं में फ्लैक्स बोर्ड लगाने की मांग की गई। सरकारी नौकरियों में दिव्यांगों के लिए आरक्षण- दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरी तरह से भरा जाए। निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड- दिव्यांगजनों को निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए आयुष्मान कार्ड जारी किया जाए। दिव्यांग पेंशन की वृद्धि प्रदेश सरकार से मांग की गई है कि दिव्यांगजनों को दी जाने वाली पेंशन राशि 5000 रुपये प्रति माह की जाए, जैसा कि अन्य प्रदेशों में किया जा रहा है।अंत्योदय योजना का लाभ- आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांगजनों को अंत्योदय योजना का लाभ दिया जाए।

निःशुल्क आवास- दिव्यांग व्यक्तियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के तहत निःशुल्क आवास उपलब्ध कराया जाए। दिव्यांगजनों के आय प्रमाण पत्र की सीमा- दिव्यांगजनों के आय प्रमाण पत्र की सीमा विधवा पेंशन के समान की जाए। फेरी नीति के तहत रोजगार- दिव्यांगजनों को फेरी नीति के तहत दुकान आवंटित की जाए और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। दिव्यांग ट्रैफिक वार्डन की नियुक्ति- दिव्यांग व्यक्तियों को यातायात पुलिस विभाग में सरकारी वेतन पर ट्रैफिक वार्डन के रूप में नियुक्त किया जाए। दिव्यांगजन मामलों में रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश- दिव्यांगजन से संबंधित मामलों, विशेषकर उत्पीड़न और जमीन-मकान से संबंधित मामलों की रिपोर्ट थानों में दर्ज की जाए, जैसा कि दिव्यांगजन अधिनियम 2016 में निर्दिष्ट है। दिव्यांगजन समुदाय का संकल्प- तन्मय श्रीवास्तव ने कहा कि यह ज्ञापन दिव्यांगजन समुदाय की आवाज है और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि इन मांगों को समय रहते पूरा नहीं किया गया, तो दिव्यांगजन दिवस को काले दिन के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांगजन समुदाय के कई सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी समर्थन की आवाज उठाई। सिटी मजिस्ट्रेट उन्नाव राजू राज ने ज्ञापन प्राप्त करने के बाद आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को संबंधित अधिकारियों के पास पहुंचाएंगे और हर संभव प्रयास करेंगे ताकि दिव्यांगजन समुदाय की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस



महोबा। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग महोबा द्वारा कांशीराम कॉलोनी बिच्छू पहाड़िया मल्टीस्टोरी बिल्डिंग प्रांगण में सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जनपद स्तर पर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण कर किया गया तदोपरांत बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्र द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण व बैज अलंकरण कर स्वागत किया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में दिव्यांग बच्चों के सभी अभिभावकों से उपस्थिति को बढ़ाने एवं शैक्षिक अनुश्रवण पर विशेष बल दिया। खंड शिक्षा अधिकारी चरखारी प्रवेश बाजपेई ने प्रतियोगिताओं के नियमों में बच्चों की क्षमताओं के अनुसार ही प्रतियोगिता के नियमों के पालन को कराने की बात कही।

कार्यक्रम का संचालन स्पेशल एजुकेटर विकास खण्ड कबरई सुनील दीक्षित ने किया एवं दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से संवाद कर दिव्यागता की जटिलताओं से पुनर्वास तक की यात्रा पर व्यापक चर्चा की। निर्णायक मंडल से प्राप्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची की घोषणा एजुकेटर कंचन शुक्ला ने की जिसमें गोली दौड़ प्रतियोगिता जूनियर में सत्यम सूपा पूर्व मा0 विद्यालय प्रथम, विपिन पूर्व माध्यमिक विद्यालय द्वितीय, सागर पूर्व माध्यमिक विद्यालय तृतीय रहे।कुर्सी दौड़ में गंगा देवी पूर्व माध्यमिक फतेहपुर प्रथम, संजना अकटौहा द्वितीय, दीक्षा सेन भरवारा तृतीय रही। कुर्सी दौड़ बालक में अंकुल पलका प्रथम, मोहित मामना द्वितीय, रोहित कुमार भंडरा तृतीय रहे। प्राथमिक बालिका दौड़ में नव्या मामना प्रथम, कामिनी ननौरा द्वितीय, दीक्षा पिपरा तृतीय रही। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अध्यापक जगदीश पाठक व्यायाम शिक्षक सेवा निवृत्त जिला व्यायाम शिक्षण आदित्य मणि शर्मा सहित सरोज यादव, मंजू तिवारी, अर्चना लाड़कुंवर, शिव विजय, रामाशंकर वर्मा ,प्रशांत सक्सेना, व्यायाम शिक्षक कृष्णकमार ,शफी मुहम्मद, उदयभान प्रजापति, स्पेशल एजुकेटर कंचन शुक्ला हीरामनी, दिनेश चौहान, राजकुमार, पवन, जगदीश मिश्रा,अनिल नायक अजय कुमार शुक्ला,अनुज तिवारी, लक्षण, सुनील गोस्वामी,चंद्रशेखर सहित निखिल श्रीवास्तव की सक्रिय उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के संयोजक समन्वयक समेकित शिक्षा शशांक सचान ने अभिभावकों तथा आगंतुकों एवं अतिथियों का आभार प्रगट किया।

### दिव्यांग दिवस पर विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

चित्रकूट। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस पर कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे पहले मैंने केवल दिव्यांग छात्रों के लिए एशिया की प्रथम विश्वविद्यालय की स्थापना 26 जुलाई 2006 में मेरे द्वारा किया गया। मैंने केवल दिव्यांग छात्रों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए यह संकल्प लिया था सब दिव्यांग जन उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज में के विभिन क्षेत्रों में अपनी अलग-अलग पहचान बनाएं। विश्वविधालय को राज्य विश्वविद्यालय होने सभी विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक गतिविधियों जल्द ही मिलेगी। मैं कुलपति को निर्देशित करता हूं कि जल्द ही इस विश्वविद्यालय में जो भी आधुनिक पाठ्यक्रम संचालित नहीं हो रहें हैं वह समस्त पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएं। कुलपति प्रो0 शिशिर कुमार पाण्डेय एवं अवधेश प्रताप सिंह रीवा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 राजकुमार ने भी संबोधित कियइं विश्वविद्यालय के कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर विश्वविद्यालय प्राध्यापक और कर्मचारी एवं उपस्थित रहे।

### मानचित्र समाधान दिवस का होगा आयोजन

चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बताया कि भवन मानचित्रों के त्वरित निस्तारण को बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन अपरान्ह 1 बजे से 5 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में किया जायेगा। जिसमें दिनांक 05, 12, 19 एवं 26 दिसंबर 2024 को आयोजित समाधान दिवस में सभी सम्बंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, सम्बंधित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार/आर्कीटेक्ट उपस्थित रहेगे।

### परीक्षाओ के लिये ऑनलाइन पोर्टल पर करें आवेदन

चित्रकूट। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2025 की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिये ऑनलाइन प्रविधि से प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों विद्यालय छात्र आवंटन सहित की सूची जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय केंद्र निर्धारण समिति के अनुमोदन उपरांत परिषद की वेबसाइट पर 2 दिसंबर को अपलोड कर दी गयी है। प्रधानाचार्य विद्यालय की आईडी से अपना प्रत्यावेदन ऑनलाइन परिषद के पोर्टल पर 6 दिसंबर समय 6 बजे सायं तक प्रेषित कर सकते है।

### रामघाट मे चल रहे निर्माण कार्यो का डीएम ने किया निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी ने रामघाट में कराए जा रहे सौंन्दरीकरण के विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल को निर्देश दिए कि जो रामघाट के विकास कार्यों के अधूरे निर्माण कार्य हैं उनका शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण कराया जाए, रामघाट में जो मुख्य मार्ग व गलियां जुड़ रही है उन गलियों के भी विकास कार्यों के लिए कार्य योजना बनाई जाए, रामघाट पर जो 100 मी विस्तारीकरण का कार्य कराया जाना है लेटे हनुमान जी की तरफ उसकी भी कार्य योजना बनाई जाए, उन्होंने कहा कि दुकानदारों द्वारा जो टीन शेड के ऊपर पन्नी लगाई गई है उसको तत्काल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी हटाए तथा रामघाट में बने शौचालय के सामने जो अतिक्रमण किया गया है उसको भी हटाया जाए, जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए के जो विद्युत के कार्य कराए जाने हैं उसके प्रस्ताव तैयार करें उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए की मंदाकिनी नदी की अच्छी तरह से साफ सफाई कराई जाए।

निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कर्वी सुश्री पूजा साहू, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव, परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल अमर सिंह राठौर मौजूद रहे।

### घरेलू विवाद में महिला ने जहर खाकर दी जान


चित्रकूट। शहर से सटे कपसेठी गांव में पारिवारिक कलह मे मंगलवार की सुबह फूल कुमारी (40) ने घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पति धनराज यादव ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने फूल कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया। सतना पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

फूल कुमारी की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक महिला के तीन छोटे बच्चे हैं। जिन पर अब मां का साया नहीं रहा। गांव में इस घटना को लेकर शोक की लहर है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पारिवारिक विवाद लंबे समय से चल रहा था। जो इस दुखद घटना का कारण बन गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बुंदेलखंड मालवीय स्वामी ब्रहमानंद महाराज के जन्मोत्सव पर विशेष

# स्वामी ब्रहमानंद ने जीवन में किए आदर्श स्थापित

◆ पिछड़े बुंदेलखंड में जलाई शिक्षा की ज्योति



राठ (हमीरपुर) । भारत के महान संत, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक स्वामी ब्रह्मानंद जी का 130वां जन्मोत्सव एक ऐसे अवसर के रूप में आता है, जो हमें उनके अतुलनीय योगदान को नमन करने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश देता है। उन्होंने अपने जीवन में जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ हैं। स्वामी ब्रह्मानंद ने भारतीय समाज की उन जड़ताओं को चुनौती दी, जो अंधविश्वास, अशिक्षा और जातिगत भेदभाव में जकड़ी हुई थीं। बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाना और 1938 में ब्रह्मानंद विद्यालय की स्थापना करना उनकी दृष्टि और प्रतिबद्धता का परिचायक था। उनकी सोच समावेशी थीकृउन्होंने वंचितों, दलितों और महिलाओं को समान अधिकार दिलाने का अथक प्रयास किया। बुंदेलखंड मालवीय के नाम से प्रख्यात त्यागमूर्ति संत प्रवर स्वामी ब्रहमानंद महाराज ने संसद में बुंदेलखंड की जो अलग पहचान दी वह अविष्मरणीय है। बुंदेली भाषा और आध्यामिक विचार धारा वाले इस महान संत ने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाकर शिक्षा की ऐसी ज्योति जलाई कि उनकी किरणें देश और विदेश में आज भी कीर्तिमान हो रही हैं। जीवन भर पैसे को हाथ से न छूने वाले स्वामीजी आज भी बुंदेलखंड वासियों के हृदय में प्रेरणा के रूप में विराजमान हैं। ब्रहमानंद जी का 130वां जन्मोत्सव ब्रहमानंद शिक्षा संस्थान में मनाया जा रहा है। धर्म कर्म और मर्म की विविधता से परिपूर्ण जीवन बिताने वाले स्वामी जी ने सरीला तहसील के अति पिछड़े गांव बरहरा से लेकर देश की संसद तक जो सफर तय किया है वह अनुकरणीय है। 4 दिसम्बर 1894 को माता यशोदा की कोख से जन्मे शिवदयाल लोधी को उनके पिता मातादीन उर्फ लाडने ने अपने पुत्र को उच्च शिक्षा ग्रहण कराकर अधिकारी बनाने का स्वप्र देखा था। उन्होने अपने पिता की कल्पना से कही आगे निकल अपने गांव और बुंदेलखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया। बाल्यावस्था में विवाह होने के बाद 23 वर्ष की आयु में शिवदयाल ने पुत्र और पत्नी का मोह त्याग गेरूए वस्त्र धारण कर संयास ग्रहण कर लिया। वह शिवदयाल से स्वामी ब्रहमानंद क्या बने उनके पीछे जमाना चल पड़ा। संयासी चोला पहन आध्यात्म से जुडने के बाद जब उन्होने देश की आजादी के लिए अपने तेबर दिखाये तो उनकी हुंकार से अंग्रेजी सरकार भी थर्रा उठी। महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, गणेश शंकर विद्यार्थी आदि नेताओं के संपर्क में आने के बाद उनसे कंधे से कंधा मिलाकर चले। 1932 में सविनय अविज्ञा आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन में उन्हें कारागार में रहना पड़ा। 1932 में रियासतों के मुक्त कराने में अहम भूमिका निभाई। इतना ही नहीं देश की आजादी के बाद 1966 में गौहत्या के विरोध में आंदोलन चलाने में वह कई बार जेल गये। स्वामी ब्रहमानंद ने बुंदेलखंड में शिक्षा की ज्योति जलाई। 1938 में उन्होने ब्रहमानंद विद्यालय की स्थापना कर 1960 में उसे महाविद्यालय का रूप दिया। स्वामी जी 1967 से 1977 तक हमीरपुर से संसद सदस्य रहे। संसद में वह पहले गेरूए वस्त्रधारी सांसद थे। श्रीमती इंद्रिरागांधी और राष्ट्रपति वीवी गिरि के अति नजदीकी रहे। उनकी अपनी निजी की कोई संपत्ति नहीं थी। सन्यास ग्रहण करने के बाद उन्होने द्रव्य कभी हाथ से नहीं छुआ। यहां तक कि उन्होने अपनी पेंशन तक छात्र छात्राओं के हितों के लिए दान में दे दी। समाज सुधारक तथा दलित उत्थान के लिए उन्होने अपना जीवन ही अर्पित कर दिया। इस राष्ट्र विचारक कवि और प्रखर वक्ता ने समाज और गौरक्षा के लिए अपना तन मन और धन निछावर कर दिया। वह कहा करते थे कि मेरी निजी की कोई संपित्त नहीं है यह तो सब जनता जर्नादन की है। पंचायती राज पर आधारित न्याय पालिका एवं गरीबों के लिए रोजी रोटी के पक्षधर थे। ऐसे महान संत ने 13 सितम्बर 1984 को उन्होने इस संसार से विदा ले ली।

# बसपा की जिला स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न



उरई (जालौन)। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस मनाने के लिए बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राजपाल रिसॉर्ट उरई में जिला स्तरीय बैठक कर झांसी में मनाने को लेकर रणनीति बनाई है बता दे की 6 दिसंबर को बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस है जो कि झांसी में मनाया जाएगा जिसको लेकर बहुजन समाज पार्टी ने शहर के राज्यपाल रिसोर्ट में जिला स्तरीय बैठक की जिसके मुख्य अतिथि बृजेश जाटव झांसी मंडल कोऑर्डिनेटर ,मानवेंद्र पटेल झांसी मंडल कोऑर्डिनेटर व कार्यक्रम की अध्यक्षता अतर सिंह पाल जिलाध्यक्ष ने की वही बक्ताओं ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी बाबा साहब को आदर्श मानती है और उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलती है इसलिए सभी को बसपा से जुड़कर देश को व संविधान को मजबूत करें और संविधान को सरकार खत्म करना चाहती है लेकिन बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता उनके मंसूबे पूरे नहीं होने देगी मौके पर जगजीवन अहिरवार, मनोज याज्ञिक, जितेंद्र दोहरे, संजय गौतम ,जितेंद्र दयालु,विकल प्रजापति, डॉ देवेंद्र अहिरवार, मनोज दिवाकर ,सरदार दोहरे, मुकेश दोहरे,लक्ष्मी ,आनंद परिहार, देशराज गोल्डी, कृष्णपाल खंगार ,विजय श्रीवास ,सुधीर चौधरी, उदयवीर दोहरे, आनंद परिहार, कृष्णपाल खंगार, विजय श्रीवास, हरदास पाल, सुखदेव पाल, मोहित पाल ,हरनारायण पाल, अरविंद पाल, मनीराम पाल, जगराम पाल सहित अन्य, कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे मंच का संचालन भगवती शरण पांचाल ने किया।

### डीएम के निर्देश पर सिंचाई हेतु नहरों का संचालन समय बढ़ाया विभाग ने

उरई (जालौन) ।अधिशासी अभियंता बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम उरई धर्म घोष ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित रबी 1432 फसली वर्ष 2024-25 में नहरों के संचालन के रोस्टर में हमीरपुर शाख एवं कुठौंद शाख का संचालन 26 नवम्बर 2024 से बन्द किया जाना प्रस्तावित था, किन्तु जिलाधिकारी द्वारा दूरभाष पर दिये गये निर्देशो एवं जनप्रतिनिधियों, विभिन्न कृषक संगठनों एवं कृषकों की मांग पर उक्त नहर प्रणालियों का संचालन 07 दिसम्बर 2024 तक बढ़ा दिया गया है। अतः समस्त कृषक बन्धुओं से आग्रह किया जाता है कि 07 दिसंबर 2024 तक सिंचाई कार्य पूर्ण कर लें। 08 दिसंबर 2024 से नहरों के अनुरक्षण के कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अपर जिला जज ने ली बैठक

उरई (जालौन)। उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन द्वारा आज जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के कुशल-मार्गदर्शन में चकबन्दी, समाज कल्याण, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण, बांट-माप विभाग तथा जिला पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक सम्पन्न की गयी।

इसी क्रम में सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में किया जाना है। इसमें कार्यक्रम चकबन्दी, समाज कल्याण, जिला दिव्यांग



सशक्तिकरण, बांट-माप विभाग तथा जिला पूर्ति विभाग से सम्बन्धित परिवाद, सिविल वाद आदि विभिन्न प्रकृति के अधिकाधिक मुकदमों, मामलों को नियत किया जाना है। इस सम्बन्ध में सभी विभागों के परिणामोन्मुखी व सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। इस पर सभी अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में चकबन्दी/बन्दोबस्त विभाग के एसओसी विशेश्वर सिंह, जिला समाज कल्याण विभाग से श्रीमती किरन पाल, जिला पूर्ति विभाग से श्री अजीत यादव, एवं बांट-माप विभाग से गौरव कुमार उपस्थित रहे।

### कृष्णा तालाब सोन्दर्यकरण का निरीक्षण कर जल्द कार्य पूरा करने के दिए निर्देश



एरच/झाँसी। ऋष्णा तालाब के सोन्दर्यकरण कार्य का अधिकारियो नं निरीक्षण कर जल्द कार्य पूरा कराए जाने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए। नगर के मोहल्ला ऋष्णनगर मे नगर पंचायत द्वारा पडिँत दीनदयाल उपाध्याय आर्दश योजना के तहत ऋष्णा तालाब का कराए जा रहे सोन्दर्यकरण कार्य का मंगलबार को नगर पंचाायत अध्यक्ष जयचंद्र राजपूत, अबर अभियंता नरेन्द्र कुमार एंव प्रधान लिपिक धर्मेन्द्र कुमार बाजपेयी ने सुयक्त तौर पर तालाब के कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता को जाना ओर तालाब क शेष कार्य को जल्द पूरा कराए जाने के निर्देश नगर पंचायत अध्यक्ष ने साफ तौर पर कहा कि उक्त कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही होगी सभी कार्य तय समय सीमा के अनुसार पूरा कराया जाए गौरतलब है कि नगर के बीच स्थित ऋष्णा तालाब के सौन्दर्यकरण का कार्य किया जा रहा है जो अन्तिम दौर में है तलाव मे सेल्पी पाउन्ट के साथ चारो तरफ रेलिंग फुब्बारा पावंट के साथ कई जानकारी ली बताया गया है कि उक्त तालाब को लोगो को आकर्षण का केद्र बनाने ओर लोगो के लिए तालाब मे स्टीमर बोट से घूमने की भी ब्यबस्था की जाएगी इस दोरान प्रधान लिपिक धर्मेन्द्र बाजपेयी, ईजीनियर प्रदीप सोनी,सहकारी बैके के पूर्व चेयरमेन ओमकार सिंह,सर्वेश शर्मा ठेकेदार, अमित बिदुआ मोजूद रहे।

### किशोरियों व महिलाओं के मुद्दों पर रीथिंक गोष्ठी का हुआ आयोजन




◆ ग्रामीण किशोरियों महिलाओं ने व्यक्तिगत सामाजिक जीवन के अनुभव साझा किए

महोबा। शहर में अंबे पैलेस गेस्ट हाउस में आधा सैकड़ा ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों की उपस्थिति में रीथिंक गोष्ठी के आयोजन के दौरान सामूहिक निर्णय, नारीवादी नेतृत्व, माहवारी स्वास्थ्य, नेतृत्व विकास, स्वावलंबन, महिला अधिकार मानवाधिकार, संघर्ष, क्षमतवर्धन, लैंगिक समानता, स्वतंत्रता, जैसे मुद्दों पर पुनर्विचार एवं चर्चा विमर्श की गई। इस दौरान तुम्हारा साथ मिलने से एहसास ए कुव्वत आया है सामूहिक गीत गाकर ऊषा अग्रवाल, कमलेश कुमारी, ममलेश विश्वकर्मा, कल्पना एवं लक्ष्मी ने उपस्थित सभी महिलाओं किशोरियों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। रीथिंक गोष्ठी के दौरान ग्राम मिरतला से मीरा, ग्राम बरा से रानी, मिरतला से कल्पना, कालीपहाडी से गौरी एवं चंदपुरा से हीरा आदि किशोरियों एवं महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं व स्वतंत्रता के बिंदुओं पर अपने साथ हो रहे पारिवारिक व सामाजिक व्यवहार पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# महोबा व पनवाड़ी पुलिस ने वांछित अभियुक्तों को पकड़ा

महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा अर्जुन सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई ।

उप निरीक्षक गौरव चौबे के नेतृत्व में प्रथम पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 392/24 धारा 137(2)/87/64(1) ब्हह्स व धारा 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त महेन्द्र रजक पुत्र श्रीराम उम्र 19 वर्ष मूल निवासी ग्राम हनौता पटकुई थाना व पोस्ट बंडा जनपद सागर म0प्र0 को प्रेमनगर महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया । इसी क्रम में उप निरीक्षक सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 469/24 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त रीकेन्द्र यादव पुत्र कृष्ण कुमार यादव उम्र 18 वर्ष निवासी मगरौठ थाना राठ जनपद हमीरपुर को रोडवेज बस अड्डे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी गुलाब त्रिपाठी द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक दिनेश कुमार यादव मय हमराह हंसराज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 315/24 धारा 331(3)/305(ड्ड) बीएनएस से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र सोनकिया पुत्र स्व0 बाबू सोनकिया उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम बैंदो थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी किया हुआ 3000/- रूपये बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।


## विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है। निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अपने पूर्व निर्धारित समय, दिन, संरचना, ठहराव एवं मार्ग पर चलेंगी, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | संचालन का दिन | पूर्व अधि-सूचित तिथि | संचालन की विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01921 | पुणे-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) | गुरूवार | 28.11.2024 | 12.12.2024 |
| 01922 | वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-पुणे | बुधवार | 27.11.2024 | 11.12.2024 |
| 04151 | कानपुर सेंट्रल-लोकमान्य ति.(टर्मि.) | शुक्रवार | 29.11.2024 | 13.12.2024 |
| 04152 | लोकमान्य ति.(टर्मि.)-कानपुर सेंट्रल | शनिवार | 30.11.2024 | 14.12.2024 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2074/24(AS)



## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या : डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-66 दिनांक : 30.11.2024

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु आनलाईन ई टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है ।

अनुमानित लागत : रूपये 31,50,716.70/- इकतीस लाख पचास हजार सात सौ सोलह रूपए सत्तर पैसे मात्र ।

कार्य का नाम : वर्ष 2024-25 के लिये सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य रेल कोच नवीनीकरन कारखाना झांसी अधीन उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी की देखभाल में रेल कोच नवीनीकरन कारखाना झांसी में व्हाइट वाशिंग कलर वाशिंग, डिस्टेपरिंग, पेंटिग, पोलिशिंग, और वारनिशिंग की मरम्मत एवं रखरखाव हेतु जोनल कांट्रेक्ट नं0 2C-I.

अमानत राशित : रूपये 63000.00 | निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपये : कुछ नहीं

निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 26.12.2024 15:00 बजे

स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह

• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें ।

2070/24 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.: JHS/ELG/W/T-42/2023-24/RT दिनांक: 29.11.2024

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.: झांसी/ई.एल.जी./डब्लू/टी-42/2023-24/RT

कार्य का विवरण: झांसी मंडल में एस.एस.ई./ई.एल.एम./बांदा, एस.एस.ई./ई.एल.एम./उरई, एस.एस.ई./ई.एल.एम./जूही और एस.एस.ई./ई.एल.एम./खजुराहो डिपो के अधिकार क्षेत्र में एसी यूनिट और वाटर कूलर का तीन साल की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध।

निविदा मूल्य : ₹ 18,19,000.18 | बयाना राशि : ₹ 36,400/-

निविदा प्रपत्र की कीमत : ₹ शून्य | कार्य समापन अवधि : तीन वर्ष (36 महीने)

निविदा बंद होने की तिथि : 25.12.2024 (15:00 बजे तक)

निविदा खोले जाने की तिथि : 25.12.2024 (15:30 बजे तक)

यदि निविदा खोलने की तिथि में अवकाश या वेबसाइट में तकनीकी समस्या है तो निविदाएं अगले कार्य दिवस पर उसी तरीके से खोली जाएंगी। निविदाकार निविदा दिनांक 25.12.2024 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल की वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 2069/24 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः 18/2024/आर.एच./जे.एच.एस. दिनांकः 28.11.2024

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.: झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी15-2024-25 | निविदा मूल्य : ₹ 27062880.00

कार्य का विवरणः कनवेन्शनल टेप चेन्जर लोकोमोटिव में लगे सीमेंस मेक 180 के.वी.ए. स्टेटिक इन्वर्टर (एस.आई.वी.) की ए. एम.सी.।

बयाना राशिः ₹ 285300.00 | निविदा बंद होने की तिथिः 26.12.2024

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः 25 माह

निविदा सं.: झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी17-2024-25 | निविदा मूल्य : ₹ 13176720.00


कार्य का विवरणः कनवेन्शनल टेप चेन्जर लोकोमोटिव में लगे मेधा मेक 180 के.वी.ए. स्टेटिक इन्वर्टर (एस.आई.वी.) की ए.एम.सी.।

बयाना राशिः ₹ 215900.00 | निविदा बंद होने की तिथिः 26.12.2024

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः 37 माह

निविदाकार निविदा दिनांक 26.12.2024 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 2068/24 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## दिगम्बराचार्य विद्यासागर जी महाराज द्वारा रचित
## हाइकु

**ज्ञानी है क्योंकि अज्ञान की पीड़ा मे प्रसन्न जीते।**

भावार्थ- यदि किसी को पुरूषार्थ करने पर भी ज्ञान प्राप्त नहीं होता फिर भी वह प्रसन्नता पूर्वक अज्ञान परीषह सहन करता हुआ जीवनयापन करता है तो वह ही यथार्थ ज्ञानी माना जाता है।

## सम्पादकीय

# दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर भारत

भारत को स्वर्णिम भारत, अच्छा भारत, रामराज्य का भारत या दुनिया का सिरमौर इसलिये कहा जाता है कि यह वो देश है जहाँ से दुनिया ने शून्य को जाना। खेल, पर्यटन और फिल्मों से जिसको पहचाना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत एवं उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख एवं सीख के कारण भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 दिन के विदेश दौरे में तीन देशों की यात्रा की और 31 ग्लोबल लीडर्स और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। मोदी की विदेश यात्राओं से विश्व में भारत का न सिर्फ सम्मान बढ़ रहा है बल्कि दुनिया का हमारे देश के प्रति नजरिया भी बदल रहा है। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया के शीर्ष ताकतों को सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न देशों को छोटे-छोटे देशों के हितों का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। प्रधानमंत्री के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इस बात की ओर ही संकेत है। भारत में वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, युद्धमुक्त दुनिया बनाने, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर दुनिया की अगुवाई करने की क्षमता है। इस पहलू को अब दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियां भी स्वीकार करने लगी हैं। मोदी ने बार-बार कहा है भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से काम करता है, जिसमें छोटे-छोटे देशों के हितों को पूरा करने के लिए समान विकास और साझा भविष्य का संदेश भी निहित है, जो भारत की आशावादी एवं समतामूलक सोच को दर्शाता है। जिसकी अंतरिक्ष में पहुँच, तकनीकी प्रतिभाओं से विश्व ने भी भारत का लोहा माना है। बिना रक्त क्रांति के जिसने पायी थी आजादी। भारत दुनिया को बाजार नहीं, एक परिवार मानता है। संतों के सान्निध्य में चलने वाली भारत की व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन हैं। मानव सभ्यता के 95 प्रतिशत समय तक भारत दुनिया को खनिज, मसाले और धातुओं के साथ ही धर्म, गणित एवं खगोलशास्त्र की अवधारणाएं देता रहा। जब सारी दुनिया भटकती है तब भारत उसका मार्ग प्रशस्त करता है। भारत टकराव और संघर्ष को मानवता के लिए खतरा मानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मौजूदा दौर में हमें अपने अस्तित्व ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए लड़ने की जरूरत है। भारत ने अपनी विदेश नीति के जरिए हमेशा ही ये संदेश दिया है कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, गरीबी, आतंकवाद, युद्ध और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। आज दुनिया में ऐसी ही संवेदनशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण की चर्चा हो रही है जहां समाज कल्याण एवं जीडीपी विकास दोनों का सह-अस्तित्व हो और नागरिकों की प्रसन्नता सर्वोपरि हो। भारत ऐसी ही अर्थव्यवस्था यानी संवेदनशील वैभव के सदुपयोग को खुशहाल जीवन और दीर्घकालिक आत्मनिर्भर समाज का आधार मानते हुए आगे बढ़ रहा हैं। भारतीय सभ्यता सदा से धन और दान दोनों को सर्वोच्च मानती है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने वाकपटुता, सहायता करने की तत्परता, शत्रुओं से निपटने की बुद्धिमत्ता, स्मृति, कौशल, नैतिकता एवं राजनीति का ज्ञान आदि गुणों को सफल नेतृत्व का आधार बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं गुणों के बल पर भारत को दुनिया में अव्वल स्थान पर पहुंचाया हैं। भारत के पास सबसे मजबूत लोकतंत्र है, विविधता है, स्वदेशी एवं समावेश सोच, आदर्श जीवनशैली, वैश्विक सोच है और दुनिया इन्हीं आइडियाज में अपनी सभी चुनौतियों का समाधान देख रही है।

आज अमेरिकी अपनी गिरती साख को लेकर चिन्तीत है। यूरोपीय संस्कृति ऐसी रही है, जिसमें उन वस्तुओं पर भी पैसा बहाया गया, जिनकी उन्हें कभी जरूरत ही नहीं थी। चीन ने कारोबार और नीतियों का ऐसा रास्ता अपनाया, जिसमें कोई नैतिकता नहीं। रूस अपने शत्रु को आंकने में गलती कर गया और एक अंतहीन से युद्ध में उलझकर रह गया। दुनिया में मची इस उथल-पुथल के बीच ऐसा लगता है कि केवल भारत ही ऐसी प्रमुख शक्ति है, जिसने ऐसा रास्ता चुना जो कूटनीतिक समझ और नैतिकता से भरा है। साथ ही, उसने एक स्थिर अर्थव्यवस्था के वैश्विक ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित किया है, जिसके साथ दुनिया व्यापार करना चाहती है। ये सब इसी कारण संभव हुआ, क्योंकि हम अपनी संस्कृति से जुड़े हैं, हमारा नेतृत्व संस्कृति से जुड़ा एक महान् कर्मयोद्धा कर रहा है। दुनिया पिछले हजारों सालों से सुखों के लिए दौड़ रही है लेकिन इस दौड़ में हार चुकी है। अब उसकी नजर भारत पर है। देश को अपनी सारी शक्ति एकजुट करनी होगी। सारी दुनिया में कट्टरपंथ और उदारता के बीच लड़ाई चल रही है। कपट और सरलता के बीच संघर्ष चल रहा है। देश को अपने मूल्यों को स्थापित करने के लिए सेनापति की भूमिका निभानी होगी और उसके लिये उसकी तैयारी भी है।वर्तमान में भारत आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक तथा ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बन रहा है, यह अच्छा संकेत है। अन्यान्य क्षेत्रों के साथ भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर है। सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। इसलिए सारा संसार भारत की ओर बड़ी आशा और विश्वास के साथ देख रहा है। परन्तु अनेकानेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं के बीच कुछ विसंगतियां एवं विषमताएं भी हैं। भारत की अस्मिता का प्रतीक मातृशक्ति की आज सर्वत्र अवमानना की जा रही है। चरित्रहीनता, भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता से जूझता हुआ हमारा भारतीय समाज भोगवादी संस्कृति का आदी हो चुका है। अपने देश में भारत के हित में विचार करनेवाले, समाज की उन्नति के संबंध में चिंतन करनेवाले लोगों की कमी नहीं है। फिर भी आज देश की व्यवस्था में राष्ट्रभक्तों का अभाव दिखता है, संकीर्ण राजनीति एवं सत्ता की दौड़ में मूल्यों को धुंधलाने की स्थितियां कमजोर करती है। यही कारण है कि संपूर्ण देश में एक असंतोष की भावना दिखाई देती है। सरकारी यंत्रणाओं के प्रति जनमानस का विश्वास प्राय: लुप्त होता जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नये परचम फहराने वाले युवाओं, घर को संस्कारों से संवर्धित करनेवाली नारीशक्ति, संपूर्ण भारत के जीवन को पोषित करनेवाले हमारे अन्नदाता किसान भाइयों तथा खेतों, कारखानों तथा सर्वत्र मजदूरी करनेवाले श्रमिकों, वन-संस्कृति का जतन करनेवाले वनवासी भगिनी-बंधुओं के आत्मविश्वास, लगन तथा परिश्रम के जागरण से भारत दुनिया में अव्वल होने की दिशा में अग्रसर है। देश का शिक्षित, प्रबुद्ध तथा समृद्ध समाज को दीन-दलितों, अशिक्षितों तथा असहाय लोगों के उत्थान के लिए आगे आना होगा। अंतर्राष्ट्रीय संगठन डेलायट ने अपनी हालिया रिपोर्ट में वर्ष 2030 तक भारत के चीन और अमेरिका जैसी विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में उभर कर सामने आने की आशा व्यक्त की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के मध्यम वर्ग का दायरा काफी तेजी से बढ़ रहा है जिसके कारण बाजार तक पहुंच रखने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। व्यापार की नीतियों में उदारीकरण और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ने का असर उपभोक्ता बाजार पर दिख रहा है, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और उत्पादों के निर्यात में बढ़ोत्तरी ने भी उपभोक्ता बाजार का आकार बढ़ाने में सहायता की है। हमें राष्ट्र को आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक तथा सामरिक दृष्टि से सबल बनाना होगा। भारत को दुनिया का सिरमौर देखने की कामना करने वाले लोगों से अपेक्षा है कि वे जागे, कुछ नया और अनूठा करें। आनेवाली पीढियां तुम्हें निहार रही हैं। भारत का भविष्य अब युवाओं पर ही निर्भर है। उठो, जागो और समस्त दायित्व अपने कंधों पर ले लो। और जान लो कि तुम ही अपने भाग्य के विधाता हो। जितनी शक्ति और सहायता चाहिए वह सब तुम्हारे भीतर है। अत: अपना भविष्य स्वयं गढ़ों। मानव चिंतन के शीर्ष पर रहने वाला भारतीय समाज 300 वर्षों के अंतराल के बाद अपने ऐतिहासिक गौरव को फिर से पाने के पथ पर अग्रसर है। मध्यकाल में राह भटकने के बाद आज देश की युवा पीढ़ी एक ऐसे भारत में आगे बढ़ रही है, जो अवसर, संस्कृति और प्रगति का देश है।

# शिवसेना यूबीटी यदि सूझबूझ दिखाए तो पुन: पलट सकती है सियासी बाजी!

**कमलेश पांडे**

**आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो सियासी फूफा बनने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए।**




कभी महाराष्ट्र की सियासी धड़कन समझी जाने वाली शिवसेना भाजपा से अपनी गहरी दोस्ती के लिए जानी मानी जाती थी, लेकिन मुख्यमंत्री पद के सवाल ने दोनों के बीच जो खटास पैदा की, वो निरन्तर जारी है। इसने अवसरवादी प्रवृत्ति ने क्षेत्रीय हिंदूवादी राजनीति को गहरा आघात पहुंचाया है। शिवसेना के पूर्व सुप्रीमो और अब शिवसेना यूबीटी के सर्वेसर्वा तथा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव भाऊ ठाकरे के बाद जब शिवसेना के नए प्रमुख और महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जब पुन: मुख्यमंत्री पद के सवाल पर पहले सस्पेंस और बाद में क्लीनचिट वाली राजनीतिक चाल चली तो राजनीतिक गलियारे में उद्धव ठाकरे के ऊपर लगी पदलोलुपता की दाग धूल गई।

आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो सियासी फूफा बनने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए। क्योंकि शिवसेना यूबीटी द्वारा कांग्रेस की आलोचना किये जाने के पीछे की एक वजह यह भी है। इसके अलावा, एनसीपी प्रमुख अजित पवार के ऊपर भी भाजपा का भरोसा मजबूत होगा और बीजेपी की महाराष्ट्र सरकार आसानी से बन जाएगी। क्योंकि देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार पहले भी मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके हैं और गत विधानसभा चुनावों में बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे के बाद दोनों के बीच जो मतभेद पैदा हुआ है, उसे भी पाटने में मदद मिल जाएगी।

बता दें कि अजित पवार के गत दिनों के ताजा बयान का संदेश भी स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। इससे पहले एकनाथ भी लगभग यही बात बोल चुके हैं। इसलिए किसी तरह की गलतफहमी न केवल महायुति की सियासी साख बल्कि शिवसेना और एकनाथ शिंदे के राजनीतिक वजूद पर भी सवाल पैदा कर सकते हैं। समझा जाता है कि यही सब सोचकर बीमार एकनाथ रविवार को चंगा हो गए और महायुति की बीजेपी सरकार के पक्ष में सकारात्मक बयानबाजी किए। बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस भी यही चाहते थे। उन्हें पता है कि उनके समानांतर किसी को पैदा किया जाता है, इसलिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर वो शक करते हैं!

सच कहूं तो महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन से पहले जो पूरा सियासी ड्रामा मुंबई से दिल्ली तक चला, इससे यदि किसी को लाभ मिल सकता है तो वह हैं शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे। क्योंकि बीएमसी चुनाव सिर पर है। जब उन्हें यह पता चल चुका है कि कांग्रेस उनको ज्यादा तवज्जो नहीं देगी, तब वह अपने मूल जनाधार को बचाने की रणनीति बनाएं, जो उनकी गलत नीतियों के चलते एकनाथ शिंदे की तरफ शिफ्ट होते दिखाई पड़ रहे हैं। इसके लिए वह भाजपा की सरकार को बाहर से समर्थन देने की पहल करें, वो भी बिना मांगे। इससे भाजपा से ज्यादा शिवसैनिकों की सहानुभूति उन्हें मिलेगी। इसके बाद वह महाराष्ट्र से बाहर निकलें और पूरे देश में हिंदूवादी राजनीति को मजबूत करें। क्योंकि सत्ता में रहकर भाजपा जो काम नहीं कर सकती है, वह उनकी परोक्ष सहयोगी बनकर शिवसेना यूबीटी कर सकती है, क्योंकि सिर्फ शिवसेना गई है, उसका मुख पत्र सामना (दोपहर का सामना) आज भी उनके पास है। पहले उद्धव इसका देश व्यापी विस्तार करें और फिर उसी की आड़ में सियासी गोटियां सेट करें। क्योंकि देर सबेर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भाजपा से दूर जाएंगे, क्योंकि इनकी सियासी तासीर कभी देवेंद्र फडणवीस से मेल नहीं खाएगी। इसलिए शिवसेना यूबीटी यदि राजनीतिक सूझबूझ दिखाएगी, तो उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे दोनों का भविष्य उज्ज्वल रहेगा।

राजनीतिक रूप से देखें तो चाहे केंद्र की एनडीए सरकार हो या महाराष्ट्र की महायुति सरकार, शिवसेना यूटीबी की जरूरत भाजपा को पड़ेगी ही, ताकि वह अपने सहयोगियों पर प्रेशर की राजनीति डाल सके। यह मोदी-शाह का सियासी स्वभाव है। वहीं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर महाराष्ट्र के कार्यवाहक उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसे बीजेपी की तीसरी पीढ़ी के नेताओं को अपने व्यक्तिगत विस्तार और संरक्षण के लिए भी शिवसेना की जरूरत पड़ेगी। क्योंकि उद्धव को पता होना चाहिए कि बड़े दलों में भी देवेंद्र फडणवीस जैसे जमीनी नेता इसलिए अपना वजूद कायम रख पाते हैं, क्योंकि वह समय के साथ बदलते रहते हैं।

इसलिए उद्धव ठाकरे भी सियासी हठ छोड़ें और राजनीतिक सूझबूझ भरा फैसला लें। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस का साथ लेना उनकी गलत रणनीति नहीं थी, बशर्ते कि वह उससे खुद को महाराष्ट्र का नेता मनवा लेते। लेकिन जब ऐसा नहीं कर सके, तो अब घर वापसी की जुगत बिठाएं। खुद को बीएमसी चुनाव में मजबूत करें। महाराष्ट्र में शिवसैनिकों के विश्वास पुन: जीतें। क्योंकि राजनीतिक मौतें हमेशा अस्थायी होतीं हैं, शाश्वत तो नेताओं व उनके दलों की नीतियां होती हैं, जो उन्हें बार बार राजनीतिक पुनर्जन्म देती हैं। बिहार के जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से यदि वह सियासी ज्ञान लेते रहें तो घरवापसी भी ज्यादा कशमकश वाली नहीं रह जायेगी!

पते की बात तो यह होगी कि भाजपा जिन हिंदूवादी मुद्दे पर मुखर होकर नहीं बोल पाती है, वह उसपर मुखर हों। संघ से देशव्यापी आशीर्वाद की कामना करें, क्योंकि भाजपा पर सियासी अंकुश रखने के लिए भी संघ को शिवसेना जैसे पुराने शुभचिंतकों की जरूरत हमेशा पड़ेगी। देश के 1800 मंदिरों के जीर्णोद्धार का मुद्दा सबसे अहम है, इसलिए इन्हें उठाकर भी शिवसेना यूटीबी अपना खोया राजनीतिक वजूद फिर से पा सकती है। बस, धैर्य व विनम्रता पूर्वक उद्धव आगे बढ़ें, आदित्य को आगे बढ़ाएं।

## मध्य प्रदेश के समाचार..........

# राजधानी में पकड़ाई नशे की करोड़ों की खेप, प्रदेशभर में 56 गिरफ्तार, 6 कारें समेत 11 वाहन जब्त

भोपाल। भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने राजधानी में तीन लोगों को गिरफ्तार कर नशे की बड़ी खेप जब्त की है। उनकी कार की तलाशी लेने पर 8 किलो 400 ग्राम चरस कीमती लगभग 8 करोड़ 40 लाख रुपये, 2 लाख रुपये नगदी, 5 मोबाइल फोन और स्कोडा कार समेत कुल कीमती लगभग 8 करोड़ 60 लाख रुपये का माल जब्त हुआ है।

मध्य प्रदेश पुलिस अवैध नशे के कारोबार को नेस्तनाबूद करने के लिए मुहिम छेड़ निरंतर कार्रवाई कर रही है। डीजीपी सुधीर सक्सेना के निर्देश पर मध्य प्रदेश पुलिस ने गुरुवार सुबह आठ बजे से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने पहले ही दिन प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सुबह से शाम तक कार्रवाई कर मात्र आठ घंटो में 10 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत के 700 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किए गए। प्रदेशव्यापी अभियान के तहत भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने राजधानी में तीन लोगों को गिरफ्तार कर 8.4 किलोग्राम चरस बरामद की है। प्रदेश में कुल 56 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि खजूरी सड़क स्थित ग्राम बरखेड़ा सालम जोड़ के पास स्कोडा कार में सवार एक महिला और दो पुरुष मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले हैं। मौके पर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम आमिर कुरैशी (52) निवासी हनुमानगंज, प्रतीक मिश्रा (36) निवासी पिपलानी और जाहिदा




कुरैशी (48) निवासी हनुमानगंज बताया। आरोपीगणों के कब्जे से मिली कार की तलाशी लेने पर 8 किलो 400 ग्राम चरस कीमती लगभग 8 करोड़ 40 लाख रुपये, 2 लाख रुपये नगदी, 5 मोबाइल फोन और स्कोडा कार समेत कुल कीमती लगभग 8 करोड़ 60 लाख रुपये का माल जब्त हुआ है।

**43 स्थानों पर हुई एक साथ कार्रवाई**

अभियान के पहले दिन पुलिस ने 43 स्थानों पर अवैध मादक पदार्थ जब्त करने में सफलता पाई है। भोपाल में क्राइम ब्रांच ने 8.4 किलोग्राम चरस, खरगोन जिले के चैनपुर में 478 किलोग्राम गांजा, सिवनी जिले के धनौरा में 80 किलोग्राम गांजा, छिंदवाड़ा जिले के कोतवाली थाना में 42 किलोग्राम गांजा तथा नीमच के रतनगढ़ थाना में 60 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त हुआ। 6 कार एवं एक ट्रक समेत कुल 11 वाहन भी पुलिस ने जब्त किए हैं। इस प्रकार प्रदेश में पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर 37.58 ग्राम स्मैक, 649 ग्राम ब्राउन शुगर, 60 किलो डोडाचूरा, 61 ग्राम एमडी सहित 56 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**संवेदनशील इलाकों में विशेष नजर**

इस अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा कई संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर अवैध मादक पदार्थो के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में मादक पदार्थों के उत्पादन और वितरण में शामिल आपराधिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाना है, बल्कि जनता में इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

# एमडी ड्रग और ब्राउन शुगर के तस्कर गिरफ्तार, ठेके पर मिला माल बेचने का काम

इंदौर। पुलिस ने कहा कि उनका अभियान तस्करी के पूरे नेटवर्क को खत्म करने तक जारी रहेगा। इंदौर पुलिस ने ड्रग तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग और ब्राउन शुगर के साथ कई तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह अभियान क्राइम ब्रांच और स्थानीय थानों की टीमों ने मिलकर अंजाम दिया। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने जानकारी दी कि क्राइम ब्रांच ने राजकुमार सब्जी मंडी इलाके से 105 ग्राम एमडी ड्रग के साथ दो तस्करों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में रोशन कुमावत निवासी रामकमल रेसीडेंसी और राजू जाट निवासी नवादापंथ धार रोड शामिल हैं। ये दोनों आरोपी इंदौर में एमडी ड्रग बेचने के लिए लाए थे। उनसे पूछताछ जारी है ताकि इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके।

ब्राउन शुगर बेचने का ठेका दिया

इस कार्रवाई के साथ ही खजराना, द्वारकापुरी और पढ़रीनाथ पुलिस ने भी ब्राउन शुगर तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया। खजराना पुलिस ने शाहनवाज उर्फ शब्बू को तंजीम नगर से करीब 12.5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा। द्वारकापुरी पुलिस ने सचिन उर्फ



बाचू बकावले को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 5.5 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई।

वहीं, पढ़रीनाथ पुलिस ने लक्की नामक आरोपी को पकड़ा, जो गौतमपुरा शासकीय स्कूल के सामने खाली मैदान में ब्राउन शुगर बेचते हुए पाया गया। लक्की ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसे इलाके का एक व्यक्ति 700 रुपए प्रतिदिन पर ब्राउन शुगर बेचने के लिए देता था। पुलिस अब उस व्यक्ति की तलाश में जुटी है।

**पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटा रही पुलिस**

ड्रग तस्करी के इन मामलों ने शहर में नशे के बढ़ते खतरे को उजागर किया है। पुलिस ने कहा कि उनका अभियान तस्करी के पूरे नेटवर्क को खत्म करने तक जारी रहेगा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से जानकारी हासिल कर अन्य तस्करों और उनके सहयोगियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे मामलों में सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। यह सामूहिक प्रयास न केवल तस्करों के हौसले पस्त करेगा, बल्कि इंदौर को नशा मुक्त और सुरक्षित शहर बनाने में भी मदद करेगा।

# पांच लाख रुपए का नकली घी पकड़ाया, अधिकारी भी स्टॉक देखकर चौंक गए

इंदौर। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जप्त किए गए घी के सैंपल हुए फेल, त्योहारों के चलते टीम लगातार कर रही है चेकिंग। इंदौर में पिछले दिनों खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लिए गए 5 नमूनों में से दो नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। उक्त दोनों नमूने अमानक स्तर के पाए गए हैं। शेष और तीन नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा पिछले कुछ माह से अमानक, मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सतत रूप से कार्यवाही की जा रही है।

संचार नगर में पकड़ाया

इसी क्रम में पिछले महीने विभाग को शिकायतकर्ता द्वारा सूचना मिली थी कि



राजस्थान की एक घी निर्माता फर्म बाल गोपाल डेरी प्रोडक्ट्स रणपुर कोटा द्वारा खाद्य पदार्थ घी को मार्केटिंग फर्म श्री कुबेर इंटरप्राइजेस, संचार नगर इंदौर के माध्यम से इंदौर शहर में विक्रय किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने जब उक्त प्रतिष्ठान कुबेर इंटरप्राइजेस का औचक निरीक्षण किया गया तो पाया कि प्रतिष्ठान संचालक के पास इंदौर शहर में खाद्य पदार्थ विक्रय का कोई लाइसेंस नहीं है।

# इंदौर में ईएसआईसी शुरू करेगा नया मेडिकल कॉलेज,पुराने अस्पताल की बिल्डिंग तोड़कर बनेगा

इंदौर। इंदौर में नया मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना दस साल पहले बनी थी, लेकिन तब मेडिकल कॉलेज के लिए 50 एकड़ से ज्यादा की जमीन का नियम था और कॉलेज के छात्रों को प्रैक्टिस के लिए बड़े और आधुनिक अस्पताल की जरुरत भी होती है। इंदौर में एक और नया मेडिकल कॉलेज खुलने जा रहा है। इसका निर्माण कर्मचारी राज्य बीमा निगम करेगा। इसके सहमति सरकार से मिल चुकी है। नंदानगर स्थित ईएसआईसी परिसर में कॉलेज बिल्डिंग का निर्माण अगले साल शुरू होगा। यह बिल्डिंग 40 साल पहले अस्पताल के लिए बनाई बिल्डिंग को तोड़कर बनाया जाएगा। बीमा निगम के अफसरों के अनुसार यह मेडिकल कॉलेज जबलपुर मेडिकल विश्व विद्यालय से संबद्ध रहेगा। भविष्य में परिसर में नर्सिंग कॉलेज भी खुल सकता है।

इंदौर में नया मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना दस साल पहले बनी थी, लेकिन तब मेडिकल कॉलेज के लिए 50 एकड़ से ज्यादा की जमीन का नियम था और कॉलेज के छात्रों को प्रैक्टिस के लिए बड़े और आधुनिक अस्पताल की जरुरत भी होती है। इस कारण मामला ठंडे बस्ते में रहा। अब ईएसआईसी ने 500 बेड का अस्पताल बना लिया है। इसका निर्माण 350 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। हाल ही में इसका लोकार्पण वर्चुअली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस अस्पताल में तीन आपरेशन थिएटर, एक्सरे रुम, एमआरआई रुम, सोनाग्राफी, पैथलॉजी सहित अन्य सुविधाएं भी है। इंदौर संभाग से यहां बीमा निगम से जुड़े कर्मचारी इलाज के लिए आते है। इस कारण मेडिकल छात्रों को प्रैक्टिस में भी आसानी होगी।

**अगले माह से टूटने लगेगी अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग**

बीमा अस्पताल के नाम से पहचानी जाने वाली 40 साल पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का काम अगले माह से शुरू होगा। इस बिल्डिंग का मुआयना केंद्र से आए अफसर कर चुके है। बिल्डिंग के कई हिस्से खतरनाक भी हो चुके है। तोड़ने में चार से छह माह का समय लगेगा। इसके बाद मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग का काम शुरू होगा। इस कॉलेज में विभाग यह भी कोशिश कर रहा है कि बीमित कर्मचारियों के बच्चों के लिए भी चयन का कुछ कोटा रहे। इंदौर में अभी एक सरकारी और दो निजी मेडिकल कॉलेज है। अब चौथा मेडिकल कॉलेज खुलेगा।



**देशभर में खुलेंगे दस नए मेडिकल कॉलेज**

देश में दस नए ईएआईसी अस्पताल कर्मचारी राज्य बीमा निगम खोलेगा। इनमें इंदौर शहर भी शामिल है। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले साल दस कॉलेजों के निर्माण की घोषणा की थी। बीमा निगम के कॉलेज बिहार, दिल्ली, हरियाणा,कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान और बंगाल में है।

# नर्मदा नदी में क्रूज चलने से पहले बनेंगे दो रिसॉर्ट, दो गांवों में जमीन चिन्हित

इंदौर। रिसॉर्ट के लिए आलीराजपुर जिले के ककराना गांव और मेघनाद घाट की जगह फायनल की गई है। मेघनाद घाट पर क्रूज के लिए फ्लोटिंग जेटी भी बना दी गई है। इस गांव से ही क्रूज से 120 किलोमीटर का सफर तय कर पर्यटक गुजरात के केवड़िया तक पहुंच सकेंगे।

नर्मदा नदी के राजघाट से स्टैच्यू आफ यूनिटी तक क्रूज के संचालन से पहले नदी किनारे दो रिसॉर्ट बनाए जाएंगे। इसके लिए दो गांवों में जमीन भी देखी गई है। कुछ बड़े उद्योग समूहों ने रिसॉर्ट बनाने में दिलचस्पी भी दिखाई है। 120 किलोमीटर की क्रूज यात्रा के साथ नदी और सुरम्य वादियों के बीच पर्यटक यादगार समय बीता सके। इसके लिए रिसॉर्ट की प्लानिंग की जा रही है।

रिसॉर्ट के लिए आलीराजपुर जिले के ककराना गांव और मेघनाद घाट की जगह फायनल की गई है। दोनो गांव नर्मदा नदी किनारे है। मेघनाद घाट पर क्रूज के लिए फ्लोटिंग जेटी भी बना दी गई है। इस गांव से ही क्रूज से 120 किलोमीटर का सफर तय कर पर्यटक गुजरात के केवड़िया तक पहुंच सकेंगे। क्रूज के संचालन के लिए आवश्यक निर्माणों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर्यटन विभाग ने तैयार की है। इस पर चार करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

**दोनो प्रदेशों के बीच एमओयू**

क्रूज के संचालन के लिए मध्य प्रदेश और गुजरात सरकार के बीच एमओयू हो चुका है। जल्दी ही दो जेटी गुजरात में भी बनाई जाएगी। अभी तक मध्य प्रदेश में इतनी लंबी दूरी के लिए किसी भी शहर में क्रूज का संचालन नहीं किया गया है।

**बस से मांडू,बाग, महेश्वर का सफर**

क्रूज में यात्रा करने वाले पर्यटकों के लिए पर्यटन विभाग बस से भी मांडू, बाग और महेश्वर के सफर की यात्रा कराएगा। बड़वानी के राजघाट से केवड़िया के बीच भी कुछ गांवों में क्रूज रुकेगा और पर्यटकों को दोनो प्रदेशों की आदिवासी लोक संस्कृति से रुबरु होने का मौका मिलेगा। क्रूज संचालन के लिए भी एक कंपनी तैयार है और मोटर बोट से कंपनी के प्रतिनिधियों ने बड़वानी से केवड़िया तक जलमार्ग का दौरा किया।

# मोहन गिरी बोले-भारत की धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए जनजाति समाज का अतुलनीय योगदान

इंदौर। समारोह के बाद होलकर कॉलेज से भंवरकुआं चौराहा पर शोभायात्रा भी निकाली गई। लोकगीतों की थाप पर लोग थिरकते हुए चले। शोभायात्रा में शामिल लोगों के हाथों में महापुरुषों की तस्वीरें भी थी। जनजाति गौरव दिवस के मौके पर शहर में अन्य आयोजन भी हुए।

इंदौर में जनजाति गौरव दिवस के मौके पर होलकर कॉलेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर समरसता मिशन के राष्ट्रीय संयोजक मोहन नारायण गिरी ने कहा कि कहा कि जनजाति समाज ने सदियों से प्रकृति पर्यावरण के संरक्षण के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया है।भारत की धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए जनजाति समाज का अतुलनीय योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों से हमारे इतिहास एवं आस्था को लेकर एक झूठा विमर्श गढ़ा जा रहा है। समाज को समझदारी से इसे समाप्त करना है।हम भारत के शासक वर्ग से रहे है। शोषित बता कर हमें कमजोर बनाने की कुटिल नीति के जाल में फंसना नहीं है।

कार्यक्रम के अतिथि शिक्षाविद डॉक्टर सुशील कुमार सोमानी थे,जबकि विशेष अतिथि महामण्डलेश्वर 1008 दादूजी महाराज और समाजसेवी टीकम गर्ग थे। समारोह के बाद होलकर कॉलेज से भंवरकुआं चौराहा पर शोभायात्रा भी निकाली गई। लोकगीतों की थाप पर लोग थिरकते हुए चले।



## कार्यालय ग्राम पंचायत रजवारा वि०खं० बिरधा, (ललितपुर)

पत्रांक–08/टेण्डर/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय/रा0वि0आ0/2024–25 दिनांक : 03–12–2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

विकासखण्ड बिरधा में मनरेगा एवं अन्य कार्यदायी विभागों में पंजीकृत समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रजवारा विकासखण्ड बिरधा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदायें दिनांक 10–12–2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 09–12–2024 को अपरान्ह 5 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र के साथ दो प्रतिशत ब्याने की धनराशि ग्राम पंचायत रजवारा के नाम बंधक कराकर संलग्न करनी होगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। सशर्त निविदायें मान्य नहीं होंगी। उपरोक्त निविदा सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना बोर्ड पर उपलब्ध रहेंगी। अन्य शर्तें कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती हैं। मात्रा घट–बढ़ सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धन राशि | निविदा मूल्य + जीएसटी | कार्य अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम रजवारा में कलरया सार्वजनिक कूप जीर्णोद्धार कार्य। | 3.50 | 2% | 177 | 2 माह | CFC/ SFC |
| 2 | ग्राम रजवारा में कुरयाना सार्वजनिक कूप मरम्मत कार्य। | 2.50 | 2% | 177 | 2 माह | CFC/ SFC |
| 3 | ग्राम रजवारा में गढ़ी के पास सार्वजनिक कूप जीर्णोद्धार कार्य। | 1.50 | 2% | 177 | 2 माह | CFC/ SFC |

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रजवारा**
**वि0 खं0–बिरधा (ललितपुर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रजवारा**
**वि0 खं0–बिरधा (ललितपुर)**

# कैम्प का आयोजन कर विधवा, दिव्याग सहित अन्य योजनाओं से पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का होगा समाधान



कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की उपस्थिति में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में प्रोबेशन विभाग की योजनाओं की समीक्षा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ की गयी।बैठक में जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण एवं जिला प्रोबेशन सहित अन्य विभागों द्वारा कैम्प का आयोजन कर विधवा, दिव्याग एवं वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य योजनाओं से पात्र लाभार्थियों के आवेदन-पत्र जमा कराने एवं उनकी आने वाली समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दियें।समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं के सम्बन्ध में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अगवत कराया गया कि दहेज से पीड़ित महिलाओं की आर्थिक सहायता एवं कानूनी सहायता के अन्तर्गत लाभार्थियों को रु0-2500 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। विधवा महिलाओं से विवाह करने पर दम्पति पुरस्कार योजना के अन्तर्गत विधवा महिला, जिनकी आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, से विवाह करने वाले पुरुष को दम्पति पुरस्कार के रूप में रु0-11000 प्रदान किये जाते हैं। विधवा महिलाओं की पुत्रियों की शादी, जिनकी आयु पुत्री की 18 वर्ष व वर की उम्र 21 वर्ष की शादी हाने पर अनुदान रु0-10000 की धनराशि प्रदान की जाती है।

रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अन्तर्गत हिंसा की शिकार हुई महिलाओं को कभी-कभी किसी का भी साथ नहीं मिल पाता, जिसके कारण उनका मनोबल और कमजोर हो जाता हैं। इन्ही समस्याओं के समाधान के लिए उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना की शुरुआत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे परिवार जो आर्थिक विपन्नता के कारण अपने बच्चों की अपेक्षित देख-रेख नहीं कर पा रहें हैं, उन परिवार आधारित प्रवर्तकता कार्यक्रम से लाभान्वित किया जायेंगा।

इस योजनान्तर्गत 01 से 03 वर्ष तक लाभार्थी को रू0-2000 प्रतिमाह की दर से दिया जाता हैं।जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 9 दिसम्बर 2004 को विकास खण्ड मंझनपुर में 16 दिसम्बर, विकास खण्ड सरसवा तथा 23 दिसम्बर 2024 को विकास खण्ड नेवादा में कैम्प का आयोजन किया जायेंगा।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिता अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष प्रेम लता सिंह को बीजेपी ने बनाया प्रत्याशी

प्रयागराज। प्रतापगढ़ नगरपालिका अध्यक्ष पद पर प्रेमलता सिंह प्रत्याशी घोषित।

पूर्व पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह की पत्नी हैं प्रेम लता सिंह।

सपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार सिंह राय साहब हैं प्रत्याशी।

चुनाव हुआ दिलचस्प, सपा और बीजेपी के प्रत्याशी हैं पब्लिक में असरदार।

गर्म हुआ प्रतापगढ़ शहर का सियासी पारा 27 वर्ष बीजेपी भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष थे अरबो रूपये बेल्हा नगर पालिका मे खर्चा कर दिये कोई जांच कमेटी नहीं पूरे शहर को लूट लिया गया फर्जी वोटर के कारण भाजपा जीतती रही करोड़ो रूपये का सीवर घोटाला कर दिये जनता भाजपा के विरोध मे वोट दे सकती है!

# डीएम ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति व आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक



**कई कालेजों के प्रधानाचार्यों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश**

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति व आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने आधार प्रमाणीकरण/डीबीटी प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान आदर्श इंटर कॉलेज सराय अकिल, दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाकरगंज, कृषक इंटर कॉलेज हिनौता एवं महेश्वरी आलमचन्द्र इंटर कॉलेज मूरतगंज के प्रधानाचार्यों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दियें। जिन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बेरिफिकेशन का कार्य पूर्ण नहीं है, वहॉ के प्रधानाध्यापकों को जिलाधिकारी ने शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दियें। उन्होंने परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 परीक्षा के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध विस्तृत समीक्षा करते हुए छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दियें हैं।

जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान सभी ई0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि 19 पैरामीटर के तहत प्राथमिक, कम्पोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कराये जा रहें मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण करायें। उन्होंने मिड्डे-मील की समीक्षा के दौरान कहा कि एमडीएम में किसी भी ब्लॉक की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय के रजिस्टर को डिजिटल मेनटेन किया जाय, निरीक्षण के दौरान रजिस्टर डिजिटल मेनटेन न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह पैरेन्ट्स मीटिंग बुलाई जाय,ि जसमें खण्ड शिक्षाधिकारी उपस्थित रहकर अभिभावकों को जागरूक करें कि अपनो बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कोई भी विद्यालय जर्जर अवस्था में न रहें, इसके साथ ही खण्ड विकास अधिकारी भी लगातार इसकी मॉनीटरिंग करते रहें।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं डायट प्राचार्य सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जिला अधिवक्ता संघ का आंदोलन आगामी कुछ दिनों के लिए स्थगित हुआ

**आंदोलन स्थगित, वकील आज से करेंगे काम**

प्रयागराज। जिला अधिवक्ता संघ के मंत्री दिनेश चंद्र पांडेय ने बताया कि अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला की हत्या के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर चल रहा आंदोलन एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया है, जिसके चलते अधिवक्ता तीन दिसंबर से न्यायिक कार्य करेंगे।

संघ की ओर से अधिवक्ताओं से शान्तिपूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई है। कहा कि वर्तमान परिस्थिति में धैर्य एवं संयम की आवश्यकता है। प्रशासनिक न्यायमूर्ति के आश्वासन के सम्मान में सर्वसम्मति से आंदोलन को अग्रिम एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। वहीं दूसरी ओर महिला उपाध्यक्ष सरिता शुक्ला ने बताया कि उनकी अगुवाई में 20 सदस्यीय संघर्ष समिति बनाई गई है और तीन दिसंबर को आंदोलन जारी रखते हुए अधिवक्ता न्यायिक कार्य में सहयोग नहीं करेंगे ।

# भरवारी में प्राचीन बरम बाबा मंदिर से शिव का नाग चोरी

**एक साल में तीसरी बार हुई चोरी से भक्तो में आक्रोश**

कौशाम्बी। जिले के भरवारी कस्बे में प्राचीन बरम बाबा मंदिर से शिव का नाग चोरी होने से हड़कंप मच गया,शिव मंदिर से नाग की चोरी हो जाने से भक्तों में आक्रोश व्याप्त है,पिछले एक साल में तीसरी बार मंदिर में हुई चोरी से भक्तो में आक्रोश है।

कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के मेहता रोड़ नगर पालिका कार्यालय के बगल स्थित? प्राचीन बरम बाबा के मंदिर में भगवान शंकर के शिव लिंग के ऊपर लगा पीतल का नाग बीती रार चोरों ने पार कर दिया। सोमवार की सुबह जब स्थानीय भक्त मंदिर में पूजा करने को गये तो शिव लिंग के ऊपर लगा पीतल का नाग ना दिखने से लोगों ने एक दूसरे से जानकारियाँ की।जानकारी न होने पर लोगों को शिव लिंग के ऊपर लगा पीतल का नाग चोरी होनी की आशंका हुई तो घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने भरवारी चौकी पुलिस को दी लोगों का आरोप है कि मंदिर में चोरी की जानकारी होने के बावजूद भी भरवारी चौकी पुलिस जांच को नही पहुंची। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

भरवारी के मेहता रोड़ स्थित प्राचीन बरम बाबा की मंदिर में बीते एक वर्ष में तीन बार चोरियां हो चुकी है। जिसका खुलासा पुलिस अभी तक नही कर पाई है। बरम बाबा मंदिर में हुई चोरियों पर नजर डाले तो बीते वर्ष जनवरी में मंदिर का दान पात्र चोरों ने पार कर दिया था। फिर अप्रैल में मंदिर में लगी एल ई डी टीवी चोरों ने पार कर दिया था। और रविवार की रात्रि को बरम बाबा के मंदिर से भगवान शंकर के शिव लिंग के ऊपर लगा पीतल का नाग चोरों ने पार कर दिया। एक वर्ष में एक ही मंदिर से लगातार हुई तीन बार चोरियों से स्थानीय भक्तों में भरवारी चौकी पुलिस के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस नगर में पिकेट के नाम पर सिर्फ़ खाना पूर्ति कर रही है तभी तो चोरों के हौसले बुलंद है।

# जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो को स्वच्छता की दिलायी शपथ

**● जिलाधिकारी ने स्वच्छ कुम्भ, सुरक्षित कुम्भ एवं प्लास्टिक मुक्त कुम्भ हेतु निकाली गयी जन जागरूकता स्कूटी/बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

**● महाकुम्भ को भव्य, दिव्य, नव्य, सुरक्षित, स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने में शिक्षकों का ज्ञान व अनुभव एवं सेवा की भावना होगी उपयोगी: जिलाधिकारी**

प्रयागराज। प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के सुरक्षित, स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त आयोजन हेतु जागरूकता अभियान के अर्न्तगत माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा के0पी0ग्राउण्ड में आयोजित स्कूटी/बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने रवाना किया।

इस अवसर पर जनपद प्रयागराज के माध्यमिक विद्यालयों के दो हजार से अधिक शिक्षक/शिक्षिकाएं, स्काउट गाइड, बेसिक शिक्षा के शिक्षक/शिक्षिकाएं अपनी-अपनी स्कूटी/बाईक के साथ सम्मिलित हुये। पी0एन0सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ने जिलाधिकारी महोदय एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित सभी का स्वागत करते हुये कहा कि प्रयागराज में यह विश्व स्तरीय आयोजन हम सब के लिए गौरव का विषय है। महाकुम्भ-2025 को स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने के प्रति कृत संकल्पित है। जिलाधिकारी प्रयागराज के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में कार्ययोजना के माध्यम से निरंतर जन जागरूकता अभियान का संचालन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं समुद्र मन्थन की थीम पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गयी।

रैली को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि अध्यात्म और अध्यापक एक दूसरे के पूरक है। शिक्षक समाज में आकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है।

त्रिवेणी तट पर आयोजित महाकुम्भ में शिक्षकों के ज्ञान, अध्यात्म, समर्पण एवं सेवा की भावना इस आयोजन को भव्य दिव्य नव्य, सुरक्षित स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने में अवश्य सफल होगी। हमारे विद्यार्थी जन-जन को प्लास्टिक मुक्त कुम्भ के प्रति जागरूक करेंगे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को बताते हुए स्वच्छ कुम्भ की ओर बढ रहे है। यह हम सब के लिए प्रेरणा दायी है।

## बिजली के खंभे से टकराई तेज रफ्तार कार, कई टुकड़ों में बंटा बिजली का खंभा,कार के उड़े परखच्चे

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है,जहा तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकरा गई,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तेज रफ्तार कार की टक्कर से बिजली के खम्भे के कई टुकड़े हो गए,वही बिजली के खंभे से टकराकर कार के परखच्चे उड़ गए,हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए,लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहा उनका इलाज चल रहा है।


जानकारी के मुताबिक भरवारी के नया बाजार मोहल्ला निवासी बाबी त्रिपाठी 29 वर्ष पुत्र राकेश कुमार त्रिपाठी अपने साथी वरूण कुमार के साथ प्रयागराज कार से गये थे। घर वापस आते समय रविवार की देर रात लगभग 12 बजे भरवारी खलीलाबाद के पास भरवारी आ रही अनियंत्रित कार बिजली के पोल से टकराने के बाद बगल में रखे हुए ईटों से टकरा गयी। टक्कर में बिजली का खंभा कई टुकड़ों में टूट गया। तेज आवाज़ के साथ हुई घटना को लेकर स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गयी।

घटना में कार सवार दोनों युवक बाबी त्रिपाठी व वरूण कुमार भी गम्भीर रूप से घायल हो गये और उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची भरवारी चौकी पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी होने पर परिजन भी बदहवास हालत में अस्पताल पहुँचे है

## नगरनिगम द्वारा ताशकन्द मार्ग सहित सिविल लाइंस में अतिक्रमण अभियान चलाया एवं जुर्माना भी उसूला गया

प्रयागराज। नगर आयुक की अगुवाई में ताशकन्द मार्ग का अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण टीम पी0डी0 टण्डन ताशकन्द मार्ग चौराहा दृष्टि कोचिंग चौराहा कूपर रोड चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नं0-01 तक नगर निगम, प्रयागराज व पुलिस टीम द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया था। अतिक्रमण से पहले व अतिक्रमण के हटाने के बाद की फोटोग्राफी करायी गयी एवं दोनों तरफ की पटरियों साफ करायी तथा कुल जुर्माना रू0-42.001/- शमन शुल्क वसूला गया। अतिक्रमण हटाने में थाना सिविल लाइन्स, व थाना-कर्नलगंज प्रयागराज का सहयोग लिया गया, तथा इस सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने को अवगत करा दिया गया है कि शासनादेशानुसार उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न हो



इसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित थाने की है।

### ब्लाक का ताला तोड़ कर उपकरण उठा ले गए चोर

प्रयागराज। एयरपोर्ट थाने के भगवतपुर विकास खंड कार्यालय का ताला तोड़कर रविवार रात चोरों ने हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। सोमवार सुबह सफाई करने पहुंचे कर्मचारी ने कार्यालय का टूटा ताला देखा तो उनके होश उड़ गए। उसने घटना की सूचना बीडीओ समेत पुलिस को दी है। भगवतपुर विकास खंड में तैनात सफाई कर्मी राममनोहर ने बताया कि वह सोमवार सुबह नौ बजे कार्यालय की सफाई करने गया था। इसी दौरान उसने बीडीओ आवास समेत टाइप टू के चार नंबर कमरे की कुंडी टूटी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो मेज और अभिलेख इधर-उधर बिखरे पड़े थे। कार्यालय में रखा एक इन्वर्टर व दो प्रिंटर समेत आठ सोलर बैटरियां गायब थी। सफाईकर्मी ने बीडीओ को मामले की जानकारी दी। बीडीओ के निर्देश पर सफाईकर्मी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

# रानी रेवती देवी में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा व्यसनों से बचने के उपाय बताए गए



**● व्यसन के तीन मुख्य प्रकार हैंः शारीरिक व्यसन, व्यवहारिक व्यसन, और आवेग नियंत्रण विकार -श्री भगवान सिंह**

**● रजोगुण को उत्पादक शक्ति, सतोगुण को पालक शक्ति और तमोगुण को विनाशक शक्ति कहते हैं- बांके बिहारी पाण्डेय**

प्रयागराज। विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय की अध्यक्षता में व्यसनमुक्त स्वर्णिम भारत महा अभियान के अंतर्गत व्यसनों से मुक्ति एवं उससे होने वाले बुरे प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारियां प्रदान की एवं समस्त छात्र-छात्राओं को उससे संबंधित पुस्तके वितरित की द्य

विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता के अनुसार पूर्व जिला जज एवं गायत्री परिवार के स्थानीय प्रतिनिधि श्री भगवान सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यसन से मुक्ति वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति मादक द्रव्यों के सेवन या व्यवहारिक निर्भरता पर काबू पाने और अपने जीवन पर नियंत्रण पुनः प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। इसमें एक बहुआयामी दृष्टिकोण शामिल है जिसमें शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक उपचार शामिल है। व्यसन के तीन मुख्य प्रकार हैंः शारीरिक व्यसन, व्यवहारिक व्यसन, और आवेग नियंत्रण विकार। शारीरिक लत तब लगती है जब शरीर किसी पदार्थ पर इतना निर्भर हो जाता है कि इसके बिना उसे वापसी के लक्षण महसूस होते हैं।

इसी संबंध में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने बताया कि संसार में हमें किसी भी पदार्थ में तीन प्रकार की शक्तियों के काम करने का अनुमान होता है ।

कोई शक्ति किसी पदार्थ को उत्पन्न करती है , दूसरी शक्ति उसका पोषण करती है और तीसरी शक्ति उसका विनाश कर देती है । इन शक्तियों को हम क्रमशः रजोगुण, सतोगुण और तमोगुण कहते हैं । यहाँ % गुण % का अर्थ प्रकृति का स्वभाव है । इन गुणों को हम देख नहीं पाते । इनके कार्यों से इनके होने का अनुमान होता है ।

हमारे शरीर की उत्पत्ति में रजोगुण कारण है और उसी के द्वारा शरीर बढ़ता है । सतोगुण उसका पोषण करते हुए उसका अस्तित्व बनाये रखता है द्य,तमोगुण के कारण शरीर बदलता रहता है और अंत में नष्ट हो जाता है । किसी पदार्थ का उत्पन्न होना , कुछ काल ठहरना और अन्त में नष्ट हो जाना- यह क्रमशः रजोगुण , सत्त्वगुण और तमोगुण के कारण होता है ।इसीलिए रजोगुण को उत्पादक शक्ति , सत्त्वगुण को पालक शक्ति और तमोगुण को विनाशक शक्ति कहते हैं।

उनके साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार के रामदेव यादव, सरयू प्रसाद एवं देवव्रत जी ने भी उनका सहयोग किया द्य इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की शपथ भी ली द्य आए हुए अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने तथा कार्यक्रम का कुशल एवं सफल संचालन दिनेश कुमार शुक्ला ने किया।

## जिलाधिकारी ने अलोपीबाग में मां त्रिपुरसुंदरी अलोपशंकरी में बन रहे कॉरिडोर का निरीक्षण किया



प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने महाकुंभ- 2025 व पर्यटन विकास के दृष्टिगत अलोपशंकरी देवी मंदिर एवं मन कामेश्वर मंदिर में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण, सुदृढ़ीकरण व अन्य विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जायजा लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से वहां पर हो रहे कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से करने के साथ फिनिशिंग पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने वहां पर कराए जा रहे कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कार्यों की नियमित जाँच कराते हुए गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने काम की शिफ्ट व मैनपावर बढ़ा कर कार्य को निर्धारित समय में ही अवश्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं ।

## मांगों को लेकर एक दिवसीय सत्याग्रह



झांसी। आवाहन पर विद्युत संविदा मजदूर संगठन के तत्वावहन में अधीक्षण अभियंता कार्यालय झांसी प्रागठन में विद्युत कर्मियों के विभिन्न मागों को लेकर एक दिवसीय सत्याग्रह किया गया जिसमें मुख्य रूप से विद्युत कर्मियों का वेतन बढाये जाने हेतु और उनकी उम्र रसीमा बढाने हेतु तथा निजीकरण रोकने के लिये काऊी संख्या में विद्युत कर्मियों द्वारा अपनी मांग पूरी कराने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान कर्मियों की मांग पूरी करने का आग्रह किया तथा मांग पूरी न होने पर शीघ्र ही संगठन द्वारा उचित कदम उठाये जायें सत्याग्रह में निम्न कर्मी उपस्थित रहे।

## नगरनिगम द्वारा ताशकन्द मार्ग सहित सिविल लाइंस में अतिक्रमण अभियान चलाया एवं जुर्माना भी वसूला गया



प्रयागराज। नगर आयुक की अगुवाई में ताशकन्द मार्ग का अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण टीम पी0डी0 टण्डन ताशकन्द मार्ग चौराहा दृष्टि कोचिंग चौराहा कूपर रोड चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नं0-01 तक नगर निगम, प्रयागराज व पुलिस टीम द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया था। अतिक्रमण से पहले व अतिक्रमण के हटाने के बाद की फोटोग्राफी करायी गयी एवं दोनों तरफ की पटरियों साफ करायी तथा कुल जुर्माना रू0-42.001/- शमन शुल्क वसूला गया। अतिक्रमण हटाने में थाना सिविल लाइन्स, व थाना-कर्नलगंज प्रयागराज का सहयोग लिया गया, तथा इस सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने को अवगत करा दिया गया है कि शासनादेशानुसार उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न हो इसकी जिम्मेदारी सम्बन्धित थाने की है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चिल्ली वि0 खं0 मुस्करा (हमीरपुर)

पत्रांक-मेमो/विज्ञप्ति/2023-24 दिनांक 03-12-2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, लघु सिचांई विभाग एवं व्यापारकर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा सेल टैक्स विभाग में पंजीकृत व्यापारियों से अन्ना गौवंश निधि/अन्य वित्त योजना से पाप्त धन से कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु अलग-अलग मुहरबंद निविदायें दिनांक-11-12-2024 को अपराहन 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय चिल्ली में आमन्त्रित की जाती है, जो कि उसी दिन अपराहन 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निधारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 04-12-2024 से 11-12-2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघर पासबुक या नगद जमा ग्राम पंचायत रूप पत्र 7 के रुप में जो कि ग्राम पंचायत चिल्ली के पदनाम से बन्धक हो, निविदा के संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा स्वीकृति होने पर 100.00 रुपये का स्टाम्प पेपर में अनुबंध करना होगा। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को निरस्त करने/आंशिक अथवा पूर्ण रुप से संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्य का पूर्ण विवरण कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

| क्र. | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य स्थल का नाम | स्वीकृत लागत लाख में | धरोहर धन राशि 2% | निविदा शुल्क + जीएसटी | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | ग्राम पं0 चिल्ली में ओमप्रकाश तिवारी के मकान से सम्पत प्रजापति के मकान तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। (अवशेष सामग्री आपूर्ति) | 209640 | 4193 | 266 | 3 माह |
| 2 | मनरेगा | सोलिंग एवं बजरा बिछाई कार्य। | ग्राम पं0 चिल्ली में सोलिंग एवं बजरा बिछाई कार्य मैन रोड से राम नारायन के खेत तक (अवशेष सामग्री आपूर्ति) | 110248 | 2205 | 266 | 3 माह |

अन्य शर्तें :-

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगीं।
3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट-बढ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पहले स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निधारित अवधि में पूर्ण न करने पर बिना नोटिस के अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा, नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किये जायेंगे।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-चिल्ली
विकास खण्ड-मुस्करा (हमीरपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-चिल्ली
विकास खण्ड-मुस्करा (हमीरपुर)

संक्षिप्त समाचार

## लखनऊ की महिला पहलवान खुशीपाल ने उत्तराखंड की आरती को किया जित



राठ (हमीरपुर)। बुंदेलखंड मालवीय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी त्यागमूर्ति स्वामी ब्रहमानंद महाराज के 130वें जन्मोत्सव पर आयोजित दो दिवसीय दंगल का समापन हो गया। आखिरी दिन दंगल में तीन दर्जन से अधिक कुश्तियां लडी गईं। दंगल देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ रही।
मंगलवार को ब्रहमानंद महाविद्यालय में आयोजित दंगल का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुरेंद्र सिंह और मुख्य अतिथि डा.सुधाकर प्रसाद सिंह ने स्वामीजी के चित्र के सामने दीपप्रज्जवति कर किया। दंगल में पहली कुश्ती साजिम अली कानलपुर और बादल उन्नाव के बीच हुई। इस कुश्ती में साजिम अली ने बादल को पल में ही अखाड़े की धूल चटा दी। इसके बाद अमर सिंह धवल ओर लाखन सिंह पन्ना के बीच रोचक कुश्ती हुई। अमर सिंह धवल ने यह कुश्ती जीत ली। विनय धवल और विजय गोरखपुर के बीच रोचक कुश्ती रही। विनय धवल ने बाजी मारी। भरत राजस्थान और भूपेंदर कानपुर के बीच कुश्ती रोचक रही। कानपुर के भूपेंद्रर ने एक मिनट के अंदर ही भरत को चित कर दिया। रविशंकर अयोध्या और राजू मुजफ्फरपुर के बीच हुई इस कुश्ती में रविशंकर ने जीत हासिल की। दंगल में विशाल हरियाणा और नीरज बांदा में हुई कुश्ती बराबरी पर छूटी। मंगल सिंह रहटिया और रमेश कर्वी के बीच हुए मुकाबले में मंगल सिंह जीते। गोविंद भोली और मुलतान हरियाणा में हुई कुश्ती में भोली ने जीत दर्ज कराई। दंगल में महिला पहलवानों के बीच भी रोचक कुश्ती रही। लखनऊ की खुशीपाल ने उत्तराखंड की आरती को जित कर दिया। बाल किशन मवई और विवेक आगरा के बीच कुश्ती में बाल किशन ने दांव लगाकर विवेक को चित कर दिया। दंगल में एक दर्जन कुश्तियां बराबरी पर छूटी। दंगल के आखिरी दिन दर्शकों की खूब भीड़ रही। इस मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डा. इंद्रपाल सिंह, डा. वरूण कुमार सिंह, डा.सरजू नारायन, डा. जीतेंद्र सिंह, डा. आरबी शर्मा, डा.यूपी सिंह, अरूण कुमार, धर्मपाल समेत सैकड़ों लोग रहे। संचालन अरूण तिवारी, आरके मिश्रा ने किया।

## संभल घटना की जाँच करानी की मांग को लेकर आजाद पार्टी सड़कों पर

हमीरपुर। संभल घटना की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जाँच करानी की मांग को लेकर ए.एस.पी. कार्यकर्त्ता मंगलवार को सड़कों पर उतर गए। अम्बेडकर पार्क से लेकर कलेक्ट्रेट तक उन्होंने पैदल मार्च कर राष्ट्रपति से सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम को सौपा। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार विनायक के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि बीते 24 नवम्बर को सम्भल जनपद में मस्जिद के सर्वे के दौरान स्थानीय प्रशासन के गलत मैनेजमेन्ट के कारण यहां पर घोर अराजकता एवं दंगा हुआ। इस दंगे में चार नवयुवकों की जान चली गयी एवं कई आम नागरिक एवं पुलिस कर्मी घायल हुए।बताया कि घटना के बाद से आज तक लोग घर से बाहर निकल नहीं रहे है। पुलिस के अनुचित रवैये के कारण लोगों में भय बना हुआ है। बताया कि बाहरी लोगों का आना जाना बन्द है, स्कूल कालेज एवं बाजार भी बन्द है जिससे आम जनता परेशान है।बताया कि पुलिस द्वारा अज्ञात के नाम पर घरों में घुस घुसकर निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गयी है।उन्होंने इस घटना की सुप्रीय कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जाँच कराने की मांग की है, साथ ही अज्ञात के नाम पर निर्दोष लोगों को न फंसाने की मांग है।इस दौरान गोलू खान, नीरज कश्यप,धर्मेंद्र सिंह,युवराज वर्मा, गया प्रसाद, दीपक,हिमांशु, दिनेश आदि भीम आर्मी के कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## कल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगजनों को दिलाए अधिक से अधिक लाभः डीएम

हमीरपुर। दिव्यांग बन्धु के सदस्यों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से कलेक्ट्रेट परिसर हमीरपुर में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाये। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रामलखन गुर्जर ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में (दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावास्था पेंशन, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान संचालन / निर्माण योजना, कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण, कॉक्लियर इम्प्लांट आदि योजनाओं) की जानकारी दी। कहा कि किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर दिव्यांगजन सीधे उनसे सम्पर्क कर सकते हैं। इस दौरान दिव्यांगजनों ने गायन, भजन आदि प्रस्तुत किया।इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से लगभग 200 दिव्यांगजन, जिला कृषि अधिकारी, ए0आर0एम0 रोड़वेज, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रघुनाथ विश्वकर्मा, कमाल ताहा, देवनारायण सोनी, दुर्गेश प्रजापति, सुनील कुमार एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अपने समस्त स्टाफ के साथ उपस्थित रहें।

## चार जोड़ो ने खाई साथ जीने मरने की कसमें

मौदहा। हिंदुत्व सुरक्षा सेवा एवं कामधेनु गौशाला के तत्वाधान में कस्बे के मीरा तलाब के निकट जोड़ों ने एक दूसरे के जीने मरने की कसम खाई। यह पांचवा सर्वजातीय कन्या विवाह कार्यक्रम है कार्यक्रम प्रभारी शिवकरण गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष गरीब परिवार के जोड़ों के लिए संपन्न कराया जाता है। कस्बे की मीरा तालाब के निकट चंद्रलोक मैरिज हॉल सर्वजातीय कन्या विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें चार जोड़ों ने जीने मरने की कसम खाई पर प्रथम जोड़े में कुंवर बहादुर के साथ लक्ष्मी गौरी निवासी द्वितीय राहुल के साथ मोहिनी हमीरपुर निवासी तृतीय अजय के साथ खुशबू महोबा निवासी एवं दौलत कुमार के साथ किरण देवी मौदहा निवासी ने विवाह के परिणाम सूत्र में बंद कर एक दूसरे के साथ जीवन यापन करने की वादे की कार्यक्रम के संयोजक अंकित पाठक शिवकरण गुप्ता यतेंद्र सिंह राकेश सैनी अभिषेक संजय दीक्षित डॉक्टर इकबाल रामकिशोर गुप्ता बृजेंद्र गुप्ता आदि मौके पर मौजूद रहे।

# जिले का हर दूसरा मरीज विटामिन डी की कमी का शिकार

**एक माह में 11 हजार से अधिक बंट गई विटामिन डी की टैबलेट, हड्डियों में दर्द, मांशपेशियों में कमजोरी व ऐंठन के बढ़े मरीज**





हमीरपुर। सुबह की धूप से कहीं त्वचा काली न पड़ जाए, यह डर लोगों को अस्पताल तक पहुंचा रहा है। जिला अस्पताल में आने वाले 50 फीसदी मरीजों में विटामिन डी की कमी पाई जा रही है। इसके चलते मरीज हड्डी संबंधी रोगों से ग्रसित हो रहे हैं। मांशपेशियों में कमजोरी व ऐंठन, मनोदशा में बदलाव होना व शरीर में तेज दर्द मरीजों को परेशान कर रहा है। पिछले एक माह में जिला पुरुष अस्पताल में 11 हजार से अधिक विटामिन डी की टैबलेट बांटी गई हैं।
सर्दियों का जैसे-जैसे सीजन बढ़ रहा है, वैसे मर्ज भी बढ़ रहा है। सुबह की ताजी धूप विटामिन डी का श्रोत मानी गई है, लेकिन भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों को अपने स्वास्थ्य के लिए समय निकाल पाना व त्वचा काली न हो जाए, इसका डर अब उन्हें बीमार बना रहा है। यही कारण है कि बीते माह 11180 विटामिन डी की टैबलेट बांटी गई है।
जिला अस्पताल की आर्थो ओपीडी में मंगलवार को कुल 120 मरीज पहुंचे। इनमें करीब 55 मरीज हड्डियों के दर्द से पीड़ित मिला। सर्दी शुरू होते ही लोगों में हड्डी, नसों में दर्द आदि की समस्याएं आ रही हैं। आर्थो सर्जन डॉ. विपिन राजपूत के मुताबिक विटामिन डी हमारे खाने से कैल्शियम को हड्डियों तक पहुंचाता है। खाद्य पदार्थों में ज्यादातर इस तत्त की कमी होने के कारण लोगों को पर्याप्त कैल्शियम नहीं बन पा रहा है। ऐसे में मरीज हड्डी व जोड़ों के दर्द संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कहते हैं कि ओपीडी में आने वाले 50-60 फीसदी मरीज विटामिन डी की कमी से ग्रसित मिल रहे हैं। जिससे बाहर निकलने के लिए खाद्य पदार्थों में बदलाव व दिनचर्या में बदलाव करना जरूरी है।

**विटामिन डी की कमी के लक्षण**

विशेषज्ञों के मुताबिक थकान महसूस होना, हड्डियों में दर्द, मांशपेशियों में कमजोरी व ऐंठन, मनोदशा में बदलाव, बालों का झड़ना, बदन दर्द आदि लक्षण होते हैं।

**ऐसे करें बचाव**

- संतरा, केला, पपीता आदि फलों का सेवन करें।
- गाय का दूध, दही, सोया आदि का सेवन करें।
- सुबह की धूप अवश्य लें, वसायुक्त चीजें प्रयोग करें।
- मछली, अंडे व मशरूम का सेवन करें।

सर्दियों के सीजन में हड्डी दर्द के मरीजों की संख्या में बढोत्तरी होती है। जो प्रायः विटामिन डी की कमी से होता है। कैल्शियम युक्त चीजों का लोगों को अधिक सेवन करना चाहिए। यह विटामिन शरीर के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**डॉ. एसपी गुप्ता, सीएमएस जिला पुरुष अस्पताल।**

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाली जन आक्रोश यात्रा



हमीरपुर। बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को विहिप कार्यकर्त्ताओं ने लक्ष्मी पार्क से लेकर अम्बेडकर पार्क तक जन आक्रोश यात्रा निकाली। जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से लोगों ने विरोध जताया। साथ ही बंगलादेश के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।
विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष रामदत्त पाण्डेय के नेतृत्व में मंगलवार को शहर के लक्ष्मीबाई तिराहा से वी मार्ट मॉल होते हुए अम्बेडकर पार्क तक एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और चिन्मय कृष्ण की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठाना था। पदयात्रा में हजारों लोगों की भागीदारी रही, जिन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार से सख्त कार्यवाही की अपील की।विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच समेत कई हिन्दू संगठन के लोग जन आक्रोश यात्रा में शामिल रहे। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं व अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों की ओर से हमले किए जा रहे हैं। हत्या व लूट के साथ ही लोगों के घरों को आग के हवाले कर दिया जा रहा है। इतना ही नहीं महिलाओं के साथ ही अमानवीय अत्याचार हो रहे रहे हैं। यह संपूर्ण मानवता के लिए अत्यंत पीड़ादायक व चिंताजनक हैं। वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां जानबूझ कर मूकदर्शक बनी हुई हैं। जिसके परिणाम स्वरूप हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों पर शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक शोषण तथा अत्याचार की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को वहां की वर्तमान सरकार ने जेल भेजकर घोर अन्याय किया है।उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को तुरंत रोकने,साथ ही चिन्मय कृष्ण के खिलाफ लगाए गए सभी झूठे मामले वापस लेने और उन्हें जल्द से जल्द रिहा करने की मांग की है।उन्होंने इसे हिंदू समाज पर दोहरा आघात बताते हुए सरकार से इस मामले पर कठोर कदम उठाने की मांग की।

## जनपद के सभी रैन बसेरों को करें सक्रियः डीएम





हमीरपुर। ठंड से बचाव के संबंधी बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई । जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड में कोई भी व्यक्ति खुले में / रोड पर सोते हुए ना पाया जाए। इसके लिए नियमित रूप से रोस्टर बनाकर रोड पर गश्ती की जाए। जनपद के सभी रैन बसेरों को सक्रिय रखा जाय तथा सभी रैन बसेरे की सूचना/ प्रचार प्रसार हेतु जरूरी संकेतक बोर्ड बस स्टॉप, जिला अस्पताल ,रेलवे स्टेशन मेंन बाजार आदि पर अवश्य लगवा दिया जाए तथा इसको जीपीएस पर भी टैग करा दिया जाए ताकि आसानी से लोग वहां पर जीपीएस की मदद से पहुंच सके।सभी रैन बसेरों में महिला एवं पुरुष हेतु अलग-अलग लेटने की व्यवस्था की जाए। रैन बसेरों में फायर सेफ्टी के दृष्टिगत अग्नि से बचाव के उपकरण रखें जाय। वहां पर अलाव/ हीटर आदि की भी उपलब्धता रखी जाए । सुरक्षा के दृष्टिगत रैन बसेरे के पास सीसीटीवी आदि भी स्थापित किए जाएं। वहां पर साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था रखी जाए। रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था निर्धारित मीनू के अनुसार किया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत जनपद में सभी जरूरतमंद व्यक्तियों में कंबल का शीघ्र वितरण कराया जाए।सभी गौशालाओं का सत्यापन कर वहां पर ठंड से बचाव की सभी व्यवस्थाएं यथा टीनशेड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाय। गौशालाओ में चारा पानी आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों के गड्डो एवं डिवाइडर आदि की मरम्मत एवं रंग रोगन करा दिया जाय । ब्लैक स्पॉट की लिस्टिंग कर वहां पर जरूरी संकेतक व स्पीड ब्रेकर आदि लगवाए जाएं। नगरीय क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों को क्रियाशील रखा जाए । रोडवेज की सभी बसों में रिफ्लेक्टर /रेडियम स्टीकर आदि लगवा दिया जाए।

# नेशनल हाईवे 34 पर हुये भीषण हादसे में दो की मौत दो गंभीर घायल

**टैंकर व ट्राला की आमने सामने हुई भिडंत**



हमीरपुर। नेशनल हाईवे 34 में मौदहा क्षेत्र के मवइया गांव के निकट मंगलवार सुबह 9.30 बजे हिंदुस्तान पेट्रोलियम के एक टैंकर और ट्राला के बीच हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुये हैं। मामूली रुप से घायल हुये एक अन्य युवक को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से टैंकर और ट्राला में फंसे शवों और घायलों को निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी मौदहा पहुंचाया। इस दौरान कुछ देर के लिए हाईवे पर जाम भी लगा रहा। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता ने बताया है कि इस हादसे में टैंकर चालक बफाती 36 वर्ष पुत्र सिब्बू निवासी भटीपुरा महोबा व ट्राला चालक गोविंद 32 वर्ष पुत्र गंगा प्रसाद निवासी लखनऊ की मौत हुई है। गंभीर रूप से घायल मनोज पुत्र रामदयाल निवासी पौथिया व एक अज्ञात को सदर अस्पताल रिफर किया गया है। मनोज की हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल से कानपुर रिफर कर दिया गया है। मामूली घायल वीरेन्द्र पुत्र दीनदयाल निवासी महोबा को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।
कानपुर-सागर नेशनल हाईवे 34 में मौदहा कोतवाली के मवइया गांव के निकट मंगलवार की सुबह 9.30 बजे के करीब महोबा से हमीरपुर की ओर जा रहे पेट्रोलियम पदार्थ की ढुलाई करने वाले टैंकर की महोबा की ओर जा रहे ट्राला से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। इस हादसे में दोनों वाहनों के दोनों चालकों की मौत हुई है जबकि दो लोग गंभीर तथा एक मामूली घायल हुआ है।
हादसे की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस, फायर ब्रिगेड व पीएनसी तथा हाइवे कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से दोनों वाहनों में फंसे शवों और घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी मौदहा पहुंचाया। जहां से दो को सदर अस्पताल रिफर किया गया। जिसमें एक घायल की हालत नाजुक होने पर कानपुर भेजा गया है।
क्षेत्राधिकारी मौदहा ने बताया है कि सुबह करीब 9.30 बजे मौदहा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मवइया के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर टैंकर व ट्राला के आपस में टकरा जाने के कारण दुर्घटना होने की सूचना पर पुलिस द्वारा घायलों को उपचार हेतु सीएचसी मौदहा भेजा गया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मनोज कुमार निवासी पौंथिया थाना ललपुरा तथा एक अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामूली रुप से चोटिल तीसरे घायल वीरेन्द्र पुत्र दीनदयाल निवासी महोबा को प्राथमिक उपचार के बाद उसके घर भेज दिया गया है। दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर यातायात सामान्य कराया है।

## पुलिस की शिथिलता के चलते सिर उठाने लगा एके-47 गैंग

भरुआ/सुमेरपुर। पुलिस की सख्ती के चलते करीब डेढ़ वर्ष तक शांत रहने वाला एके-47 गैंग पुलिस की शिथिलता के चलते फिर से सिर उठाने लगा है। जिस तरह से गैंग ने एक माह में कस्बे के अंदर ताबड़तोड़ घटनाओं को अंजाम देकर सिर उठाने का कार्य किया है। इससे साबित होता है कि इन अपराधियों में पुलिस का खौफ अब काम हुआ है।
करीब तीन वर्ष पूर्व कस्बे में एके-47 गैंग ने दस्तक देकर ताबड़तोड़ दर्जनों घटनाएं करके पुलिस की नाक में दम कर दिया था। उस समय के थानाध्यक्ष के साथ कस्बा इंचार्ज ने लगातार घटनाओं को देखकर गैंग के एक दर्जन से ज्यादा सक्रिय सदस्यों को चिन्हित किया और कड़ा रुख इख्तेयार करके सभी को जेल की हवा खिलाई थी। पुलिस का यह रौद्र रूप देखकर गैंग का सरगना सहित सभी सदस्य दहशतजदा हो गए थे। इसके बाद गैंग की गतिविधियां धीरे-धीरे शांत हो गई। करीब डेढ़ वर्ष तक गैंग अदृश्य जैसा रहा। जैसे ही पूर्व के थानाध्यक्ष सहित कस्बा इंचार्ज आदि पुलिसकर्मी तबादले में हटे। वैसे ही गैंग एक बार फिर सिर उठाने लगा है। पिछले एक माह में गैंग ने जिस तरीके से ताबड़तोड़ आधा दर्जन से ज्यादा मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया है। उससे प्रतीत होता है कि गैंग के अंदर अब पुलिस का खौफ कम हुआ है और अब सभी बेखौफ होकर कस्बे में घूम-घूम कर घटनाओं को अंजाम देने लगा है। इसका जीता जागता उदाहरण सोमवार को तपोभूमि प्रांगण में देखने को मिला। यहां पर गैंग के एक सदस्य ने मामूली बात पर एक दुकानदार बाप बेटे को गैंग के अन्य सदस्यों को मौके पर बुलाकर जमकर मारा पीटा और दुकान में तोड़फोड़ करके फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर दो युवकों को हिरासत में लिया है। युवकों के पुलिस हिरासत में पहुंचते ही गैंग के अन्य सदस्य दुकानदार पर राजीनामा का दबाव बनाने लगे हैं। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें गैंग के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। मारपीट की शिकायत मिली थी। दोनों युवकों को शांति भंग में जेल भेजा है। जानकारी जुटा रहे हैं। कोई गैंग कस्बे में सिर नहीं उठा पाएगा।

## घायल छात्रों को पुलिस के जवान ने गोदी में लादकर कराया इलाज

हमीरपुर। ई रिक्शा में सवार हो कर स्कूल जा रहे छात्रों से भरा ई रिक्शा पलट गया। जिसमे चार छात्र घायल हो गए सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस के जवानों ने घायल छात्रों को गोदी में लादकर सीएचसी पहुंचाया।जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर छोड़ दिया है।
बता दें कि कुरारा थाना क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी जगदेव पुत्र मंगे के दो पुत्र राज (10),राजवीर (8) व दो अन्य छात्र मंगलवार की सुबह ई रिक्शा में सवार हो कर गांव के बाहर स्थापित स्कूल जा रहे थे। रास्ते में चालक की लापरवाही के चलते ई रिक्शा पलट गया। जिसमे सवार चारों छात्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरवी 3906 के कांस्टेबल अभिनव कुमार सिंह व होमगार्ड रामविलास यादव ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए छात्रों को गोदी में उठा कर गाड़ी बैठाया और कुरारा सीएचसी पहुंचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर छोड़ दिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नुनावली वि0खं0 बिरधा, (ललितपुर)

पत्रांक- /टेण्डर/मनरेगा/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय/रा0वि0आ0/2024-25 दिनांक : 03-12-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकासखण्ड बिरधा में मनरेगा एवं अन्य कार्यदायी विभागों में पंजीकृत समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नुनावली विकासखण्ड बिरधा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदायें दिनांक 10-12-2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 09-12-2024 को अपरान्ह 5 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र के साथ दो प्रतिशत ब्याने की धनराशि ग्राम पंचायत नुनावली के नाम बंधक कराकर संलग्न करनी होगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। सशर्त निविदायें मान्य नहीं होंगी। उपरोक्त निविदा सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना बोर्ड पर उपलब्ध रहेंगी। अन्य शर्तें कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती हैं। मात्रा घट-बढ़ सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धन राशि | निविदा मूल्य + जीएसटी | कार्य अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत नुनावली की शहरिया बस्ती में मनरेगा पार्क निर्माण। | 6.86 | 2% | 177 | 3 माह | मनरेगा |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नुनावली
वि0 खं0-बिरधा (ललितपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नुनावली
वि0 खं0-बिरधा (ललितपुर)

**दैनिक विश्व परिवार**
संस्थापक : **कीर्तिशेष श्री कैलाश चन्द्र जैन**
(पूर्व अध्यक्ष-राज्य विज्ञापन मान्यता समिति उ.प्र. शासन)
मुद्रक एवं प्रकाशक आलोक जैन द्वारा वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-४६, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से मुद्रित एवं वीरांगना प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिसर्श डी-४६, इंडस्ट्रीयल एरिया बिजौली झांसी से प्रकाशित।
**प्रधान सम्पादक : प्रदीप कुमार जैन**
**सम्पादक : अतिशय जैन पुत्र स्व. श्री प्रवीण जैन**
स्वात्ताधिकारी : प्रियेश कुमार जैन,
समाचार सम्पादक : डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन
डाक पंजीयन एल. 2-12/516
आर.एन.आई. पंजी. सं. 35394/77
**मो.-8004327378, 9415073930**
E-mail : dvp.jhs@gmail.com

## कार्यालय ग्राम पंचायत चिल्ली वि0 खं0 मुस्करा (हमीरपुर)

पत्रांक-मेमो/विज्ञप्ति/2023-24 दिनांक 03-12-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, लघु सिचांई विभाग एवं व्यापारकर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा सेल टैक्स विभाग में पंजीकृत व्यापारियों से अन्ना गौवंश निधि/अन्य वित्त योजना से पाप्त धन से कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु अलग-अलग मुहरबंद निविदायें दिनांक-11-12-2024 को अपराहन 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय चिल्ली में आमन्त्रित की जाती है, जो कि उसी दिन अपराहन 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निधारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 04-12-2024 से 11-12-2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघर पासबुक या नगद जमा ग्राम पंचायत रूप पत्र 7 के रुप में जो कि ग्राम पंचायत चिल्ली के पदनाम से बन्धक हो, निविदा के संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा स्वीकृति होने पर 100.00 रुपये का स्टाम्प पेपर में अनुबंध करना होगा। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को निरस्त करने/आंशिक अथवा पूर्ण रुप से संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्य का पूर्ण विवरण कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

| क्र. | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य स्थल का नाम | स्वीकृत लागत लाख में | धरोहर धन राशि 2% | निविदा शुल्क + जीएसटी | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | सोलिंग बजरा | उमरी रोड से गजराम के खेत तक। | 697037 | 13990 | 590 | 6 माह |
| 2 | मनरेगा | सोलिंग बजरा | झाल से बाबू के खेत तक। | 690237 | 13804 | 590 | 6 माह |

**अन्य शर्तें :-**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगीं।
3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट-बढ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पहले स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निधारित अवधि में पूर्ण न करने पर बिना नोटिस के अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा, नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किये जायेंगे।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-चिल्ली
विकास खण्ड-मुस्करा (हमीरपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-चिल्ली
विकास खण्ड-मुस्करा (हमीरपुर)

## नाइट्रोजन की अधिकता से फसलों में होने वाले नुकसान से बचने के लिए डीएपी के स्थान पर टी0एस0पी0 का करें प्रयोग

ललितपुर। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जनपद के सभी किसान भाइयों को सूचित किया है कि आप द्वारा फसलों की बुवाई के समय मुख्यत: डी0ए0पी0 उर्वरक का ही प्रयोग किया जाता है। जिसमें दो मुख्य पोषक तत्व नाइट्रोजन 18 प्रतिशत एवं फासफोरस 46 प्रतिशत पाया जाता है। डी0ए0पी0 की तरह ही एक उर्वरक टी0एस0पी0 भी है जिसका उपयोग भी फसलों की बुवाई के समय ही किया जा सकता है, जिसमें डी0ए0पी0 की तरह एक प्राथमिक पोषक तत्व फासफोरस 46 प्रतिशत डी0ए0पी0 के बराबर एवं एक द्वितीयक पोषक तत्व कैलशियम 15 प्रतिशत के लगभग पाया जाता है जो पौधो को अतिरिक्त पोषक तत्व प्रदान करता है। चूकि जनपद दलहनीय अथवा फलीदार वाली फसलों के लिये मुख्य रूप से जाना जाता है। अत: कैलशियम फलीदार फसलों जैसे कि चना, मटर मसूर राई / सरसों के साथ साथ गेहूँ के निशेचन के लिए भी आवश्यक तत्व है। यह दलहनीय फसलों में प्रोटीन निर्माण के साथ-साथ पौधों में पाये जाने वाले जैविक अम्लों के विषाक्त प्रभाव को भी समाप्त करता है जिससे कि जनपद में उत्पादित दाल की गुणवत्ता को और भी सुधारा जा सकता है। अत: डी0ए0पी0 में नाइट्रोजन का 18 प्रतिशत पाया जाना एवं इसके अलावा किसानों के द्वारा यूरिया नाइट्रोजन 46 प्रतिशत का भी उपयोग फसलों में अत्याधिक मात्रा में छिडकाव किया जाता है, जिससे नाइट्रोजन तत्व की अधिकता के कारण फसलों में पत्ते अधिक घने गहरे हरे हो जाते है, तने कमजोर, रोगों के प्रति संवेदनशीलता कम एवं जडों, फल-फूल का विकास कम हो जाता है, जिससे फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है। इसलिए आप सभी किसान भाइयों से अपील कि जाती है कि नाइट्रोजन की अधिकता के कारण फसलों में होने वाले नुकसान से बचने के लिए डी0ए0पी0 के स्थान पर टी0एस0पी0 का प्रयोग करें, जिससे की फसलों के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को बढाया जा सके।

## पुलिस की मुस्तैद पैरवी से हत्या के अभियोग में दो अभियुक्तों को हुई आजीवन कारावास की सजा

ललितपुर। न्यायालय में चल रही हत्या के मामले को लेकर जनपद पुलिस द्वारा मुस्तैदी से पैरवी की गई। जिसका परिणाम में हुआ कि दोनों हत्या आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई एवं 13-13 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया गया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ महोदय के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में चिन्हित अभियोगो में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था । इसी क्रम में हत्यारोपी अभियुक्तगण बालकिशन पुत्र सुक्के और जितेन्द्र पुत्र बालकिशन नि0गण ग्राम बिगारी के विरूद्ध थाना तालबेहट में मु0अ0सं0 91/2019 धारा 302/34/504/506 भादवि व मु0अ0सं0 95/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था । जिसमे डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्तगण बालिकशन, जितेन्द्र उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी, जिसमें थाना तालबेहट पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए दिनांक 03 दिसंबर 2024 को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र विशेष(द0प्र0क्ष0) न्यायाधीश द्वारा दोनों अभियुक्तों को हत्या के मामले में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 13-13 हजार रूपये की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है व मु0अ0सं0 95/2019 धारा 3/25 आर्म्स में अभियुक्त जितेन्द्र उपरोक्त को दोषी पाते हुए 03 वर्ष के कारावास व 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

## बाइक गिरने से होमगार्डस गंभीर चोटिल, जिला अस्पताल रैफर

ललितपुर । कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के ग्राम सेंरवास के समीप बाइक अनियंत्रित हो कर गिरने से होमगार्डेस गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि सोमवार की दोपहर बांसी निवासी होमगार्ड अमन पुत्र शिवलाल अनियंत्रित हो कर गिर गया। जिसमें होमगार्ड गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों के द्वारा होमगार्ड को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां डॉक्टरों के द्वारा होमगार्ड को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।।

## जनपद से एमपी को जोड़ने बाला मार्ग खस्ताहाल होने से लोगों को हो रही काफी परेशानी

ललितपुर। विकासखंड तालाबेहट की ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत झावर पुराखुर्द से उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश को को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। टूटे फूटे और कच्चे रास्ते से लोगों का निकलना मुश्किल भरा है। आए दिन चार पहिया और दुपहिया वाहन सवार दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। ग्रामीणो ने कई बार जनप्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण कराया मगर किसी ने सुध नहीं ली। जनपद के पूराखुर्द से जेरोन, पृथ्वीपुर समेत मप्र विभिन्न कस्बों को जोड़न बाला मार्ग महीनों से जीर्णशीर्ण व टूटी क्षत्रिग्रस्त पुलिया के कारण खतरनाक मार्ग के रूप में तब्दील हो चुका है। इस मार्ग से निकलने बाले वाहन सवार जान जोखिम में डालकर सफर तय करते है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विकास विभाग से लेकर पीडब्लूडी विभाग और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों से की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई।

## हाइवे पर चार पहिया वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोग घायल

जमालपुर के समीप चार पहिया वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो भाइयों और उनके बच्चे व बहिन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सम्यक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मऊ के मजरा रमेश पुरा निवासी 28 बर्षीय मुकेश पुत्र देशराज और उसका 20 बर्षीय भाई अजय के साथ अपने अपनी मुकेश पुत्र साक्षी व अपनी 32 बर्षीय बहन किरन पत्नी धर्मेन्द्र के साथ सवार होकर जिला मुख्यालय से अपने गांव रमेश पुरा आ रहे थे। अभी वह हाईवे पर स्थित जमालपुर के पास पहुंचे ही थे कि वहां से गुजर रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। आनन फ़ानन में स्थानीय राहगीरों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लाया गया। जहां डॉक्टरों के द्वारा चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कर सभी का उपचार किया जा रहा है।

## किसान के साथ उसके पुत्र और भतीजे को खेत पर दबोच कर गाली गलौज मारपीट कर दी धमकी

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दावनी में दो किसानों के बीच चल रहे जमीनी विवाद में चार विपक्षियों ने किसान उसके पुत्र और उसके भतीजे को उस समय खेत पर ही दबोच लिया जब वह खेती किसानी का काम कर रहे थे। इस दौरान हुई कहासुनी से आक्रोशित दबंग विपक्षियों ने तीनों को मौके पर दबोच कर उनके साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित के शिकायती पत्र पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम दावनी निवासी रूप सिंह पुत्र रामदयाल लोधी ने थाना जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसका जमीनी विवाद उसके ही पड़ोस में खेती किसानी करने वाले विपक्षी वीर सिंह पुत्र जगन्नाथ लोधी आदि से चल रहा है। जिसको लेकर कई बार दोनों के बीच झड़प भी हुई। इसी जमीनी विवाद के चलते दिनांक 2 दिसंबर 2024 को सुबह 8ः00 बजे दबंग विपक्षी वीर सिंह अपने तीन अन्य परिजनों के साथ उसके खेत पर उस समय आ धमका, जब वह अपने पुत्र और भतीजे के साथ खेती किसानी संबंधी कार्य कर रहा था। इस दौरान दबंगों ने उसके साथ जमकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर उसके साथ-साथ उसके पुत्र और भतीजे को मौके पर दबोच कर लाठी डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। थाना जाखलौन पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित किसान द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ 118(1), 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## शासन ने पाली तहसील के प्राचीन दुर्ग का परकोटा को संरक्षित स्मारक घोषित करने की अधिसूचना की जारी

ललितपुर। संयुक्त सचिव, संस्कृति अनुभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद की तहसील पाली स्थित प्राचीन दुर्ग का परकोटा गाटा संख्या-235 मि0 234 मि0, क्षेत्रफल 2.428 हे0 0.890 हे0 में निर्मित परकोटा का भाग को मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा संरक्षित स्मारक घोषित किये जाने की अधिसूचना जारी की गई है। इस सम्बंध में यदि कोई आपत्तियां हों तो प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, संस्कृति विभाग, बापू भवन उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ, उ0प्र0 राज्य पुरातत्व विभाग, छतर मंजिल परिसर, कैसरबाग, लखनऊ अथवा जिलाधिकारी, ललितपुर को सम्बोधित करते हुए लिखित रुप में भेजी जा सकती हैं।*केवल उन्हीं आपत्तियों पर विचार किया जाएगा, जो इस अधिसूचना के स्मारक पर चस्पा होने के दिनांक से एक माह के भीतर प्राप्त होंगी।

# चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सीओ सदर ने साइबर क्राइम करने वाली गैंग का किया खुलासा

### 14 अदद सिम कार्ड न्यू, 01 अदद स्कार्पियो क्रमांक एमपी 09 जेड 4747 और 1840/- रुपये नगद हुए बरामद

### आरोपियों के कब्जे से 04 अदद मोबाइल

ललितपुर। आजकल साइबर क्राइम इस कदर बढ़ गया है कि आम आदमी से लेकर छात्र और ऑफिसर्स तक काफी परेशान नजर आ रहे हैं। बढ़ती टेक्नोलॉजी और साइबर अपराधियों के आगे किसी का कोई जोर नहीं चल रहा। हालांकि साइबर फ्रॉड के मामले सामने आने पर पुलिस उनमें कार्यवाही करते हुए मामले दर्ज करती है और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजती है। ऐसे ही एक साइबर फ्रॉड करने वालों ने पहले एक छात्र को अपने विश्वास में लिया और एजुकेशन लोन बनाने के नाम पर उसका एक निजी बैंक में खाता खुलवाकर अपराधियों ने उसमें अपना मोबाइल नंबर दर्ज कर दिया। उसके बाद उसके खाते में साइबर क्राइम का पैसा भी जमा करवाया। इस मामले की जानकारी जब छात्र को हुई, तो उसने पुलिस को शिकायती पत्र देकर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इसके बाद साइबर थाना पुलिस ने विवेचना के दौरान प्रकाश में आए एक अन्य अभियुक्त सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। मामले का खुलासा करते हुए सीओ सदर ने उन्हें जेल



भेज दिया है। कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया लटकंजू निवासी अभिराज निरंजन पुत्र मनोज निरंजन ने साइबर थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह एक छात्र है और पढ़ाई लिखाई कर रहा है। लेकिन उसकी आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई लिखाई में बाधक बन रही थी, क्योंकि वह अपनी पढ़ाई लिखाई के लिए पैसे नहीं जुटा पा रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छायन निवासी ऋतिक मिश्रा पुत्र सुनील मिश्रा के साथ झाँसी के करगुआँ निवासी अंकुश यादव पुत्र महेश प्रसाद यादव एवं देवगढ़ रोड निवासी अमन मिश्रा पुत्र रामकुमार मिश्रा के साथ हुई। इस दौरान उक्त तीनों लोगों ने उसकी जरूरत के हिसाब से उसे एजुकेशन लोन बनाने का वादा किया और लोन दिलाने के नाम पर फेडरल नमक बैंक में ऑनलाइन उसका खाता भी खुलवा दिया। इतना ही नहीं उक्त तीनों चालक लोगों ने उसके खाते में अपना मोबाइल नंबर दर्ज करा कर बैंक द्वारा भेजी जाने वाली खाता किट को भी उन्होंने अपने पते पर मंगवा लिया। इसके बाद तीनों लोगों ने चालाकी के साथ धोखाधड़ी करते हुए उसके बैंक खाते में साइबर क्राइम का पैसा भी जमा करवाया। साइबर थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित छात्रा द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर तीनों नमाजद आरोपियों के खिलाफ 318(4), 316(2) एवं 66सी, 66डी आईटी एक्ट में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की थी। इस विवेचना के दौरान पुलिस ने चार अभियुक्तों को चिन्हित किया, जिनमें तीन उपयुक्त अभियुक्त के साथ एक अभियुक्त झांसी निवासी शिवम यादव पुत्र रविंद्र यादव शामिल है। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 04 अदद मोबाइल , 14 अदद सिम कार्ड न्यू, 01 अदद स्कार्पियो क्रमांक एमपी 09 जेड 4747 और 1840/- रुपये नगद बरामद हुए। इस मामले का खुलासा करते हुए सीओ सदर अभय नारायण राय ने चारों को जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में नि0 कृष्णदेव यादव प्रभारी निरीक्षक, उ0नि0 राहुल सिंह, उ0नि0 गौतम पूनिया, हे0का0 संजीव शर्मा, का0 पवन कुमार यादव, का0 मोहम्मद वसीम, का0 कुवंर देवेन्द्र सिंह, का0 जीतेन्द्, का0 प्रमेश कुमार साइबर क्राइम थाना शामिल रहे।

## जीआईसी मे एक दिवसीय कॅरियर काउसिलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



ललितपुर। मंगलवार को जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान मे राजकीय इण्टर कॉलेज मे एक दिवसीय कॅरियर काउसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया हुआ। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्जवलन किया गया । कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी सुश्री आकाँक्षा यादव ने इण्टर कॉलेज के छात्रों को रोजगार संगम पोर्टल की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों से उनकी जिज्ञासाओं के बारे में प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय द्वारा छात्र को अध्ययन को गहनता से किस प्रकार किया जाय एवं अपने लक्ष्यों को कैसे पाया जाए, सम्बन्धी टिप्स प्रदान किये गये। इसके साथ ही काउन्सलर डा0 प्रियम्वदा सारस्वत द्वारा अभ्यर्थियो को इण्टर के बाद उपलबध रोजगार के बारे में जानकारी दी गयी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के विभिन्न आयामों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का समापन करते हुये कॉलेज के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके प्रशिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय के नरेन्द्र कुमार वर्मा, अनुदेशक एवं भूपेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक एवं कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रवक्ता अमित शुक्ला ने किया।

## सम्बंधित अधिकारी मेले की भव्यता को ध्यान में रखते हुए पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों को पूर्ण करें : एडीएम अंकुर श्रीवास्तव



- अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मेले की तैयारियां दुरुस्त रखें, श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी
- विद्युत, पेयजल, सफाई, स्वास्थ्य व सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के दिये निर्देश
- अस्थायी चौकी, फायर बिग्रेड व गोताखोरों की टीम 24 घण्टे तैनात रहने के भी निर्देश

ललितपुर। मकर संक्रान्ति के पर्व पर तहसील ललितपुर अंतर्गत ग्राम धौजरी/धौर्रा क्षेत्र में दिनांक 13 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रस्तावित श्री श्री 1008 रणछोर धाम मेला के आयोजन सम्बंधी व्यवस्थाओं एवं आवश्यक तैयारियों की समीक्षा के लिये जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में मंगलवार को अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने निर्देश दिये कि मेले में काफी संख्या में श्रद्धालू आते हैं इसलिए किसी भी व्यवस्था में चूक नहीं होनी चाहिए, पूर्व से ही व्यवस्थाओं का जायजा लें। इसके लिए आगामी दिनों में सभी संबंधित अधिकारी मौके पर निरीक्षण हेतु जायेंगे और कमियों को दूर कराएंगे। उन्होंने मेंले में साफ-सफाई हेतु डीपीआरओ व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों की स्पेशन टीम बनाकर मेला परिसर व घाटों की सफाई करायी जाये। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चिकित्सकों की टीम व एम्बुलेंस 24 घण्टे तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि मेला अवधि में अस्थायी पुलिस चौकी, पुलिस बल, फायर ब्रिगेड यूनिट, तैराकी जवान व गोताखोरों सहित नावे तैनात की जाएं। जल संस्थान द्वारा पेयजल हेतु पर्याप्त पानी के टैंकर उपलब्ध रखें, वन विभाग द्वारा मेला स्थल पर अलाव तथा कच्चे रास्ते पर मुरम डाली जाये, निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत विभाग, अस्थायी शौचालयों हेतु ईओ, वाटरप्रूफ टेण्ट हेतु तहसीलदार, वाहन व्यवस्था हेतु एआरटीओ को निर्देशित किया गया। बैठक में मेला समिति के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक वर्ष रणछोर धाम मंदिर में मकर संक्रान्ति के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के जनपदों से भी काफी संख्या में श्रद्धालू आते हैं। मेले में विद्युत, पेयजल, सफाई, शौचालय, चिकित्सकों की टीम व एम्बुलेंस, अस्थायी जनरेटर, गोताखोर, नाव व अन्य व्यवस्थाएं जिला प्रशासन द्वारा की जाती हैं। इसके अलावा साल भर भी श्रद्धालु आते हैं जिसके लिए मेला ट्रस्ट में सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए और हर जाति वर्ग के लोगों को शामिल किया है। मेला मार्ग की मरम्मत कराई जाए प्रत्येक कार्य के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि मेला परिसर में हाई मास्क लाइट लगवाई जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान शिवराज वर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, सहायक अभियंता लो0नि0वि0 दानिश खान, सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, मेला समति के पदाधिकारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## मिशन- शक्ति फेज-5 के तहत इंटर कॉलेज की छात्रा आशिका रजक को बनाया एक दिन की नाराहट थाना प्रभारी

ललितपुर। उत्तर- प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन- शक्ति फेज-5 के तहत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में बालिकाओं/महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उनमें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से थाना नाराहट के स्थानीय कस्बे में संचालित बाबूलाल सतभैया इण्टर कॉलेज की छात्रा सुश्री आशिका रजक को प्रभारी निरीक्षक, थाना नाराहट प्रमोद कुमार द्वारा स्वयं एक दिन का कार्यकारी थाना प्रभारी, थाना नाराहट नियुक्त किया गया ।

इस दौरान कार्यकारी थाना प्रभारी सुश्री आशिका रजक द्वारा एक दिन के लिये प्रभारी थाना नाराहट के रूप में कार्य करते हुए उनके द्वारा थाना नाराहट में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान थाना नाराहट में आने वाली जनता के व्यक्तियों की समस्याओं को प्रभारी निरीक्षक थाना नाराहट प्रमोद कुमार के सहयोग से समझते हुए गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं को नियमानुसार/ प्रक्रियानुसार उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश- निर्देश दिए गए । तत्पश्चात् उनके द्वारा थाना नाराहट का निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर में भ्रमण कर, साफ -सफाई, व्यवस्थापन व थाना कार्यालय में अभिलेखों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी ली गयी । थाने पर पुलिस द्वारा की जाने वाली विधिक कार्यवाहियों एवं थाना संचालन की गतिविधियों / व्यवस्थापन के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त की । इसके अतिरिक्त महिला हेल्प - डेस्क का निरीक्षण किया गया । थाना कार्यालय के रजिस्टर के रख- रखाव, कम्प्यूटर-कक्ष में प्रथम सूचना रिपोर्ट के पंजीकरण, मालखाना, हवालात व मेस आदि का भी निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात उनके साथ बाबूलाल सतभैया इण्टर कॉलेज, नाराहट जनपद ललितपुर की अन्य छात्राओं को प्रभारी निरीक्षक नाराहट द्वारा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर- 112,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर- 1098,एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर- 108,वूमेन पावर लाइन -1090,साइबर हेल्पलाइन- 1930,मुख्य मंत्री हेल्पलाइन नंबर- 1076, के साथ -साथ POCSO Act,DLSA,SLSA आदि कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा हमारे कानूनी प्रावधानों शिक्षा का अधिकार,बाल- विवाह, दहेजप्रथा, घरेलु- हिंसा, बच्चो के साथ होने वाली यौन हिंसा, छेडछाड आदि मुद्दो पर भी जागरूक किया गया। एक दिन के लिये कार्यकारी थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त होने से सुश्री आशिका रजक काफी उत्साहित रही । उनके द्वारा बताया गया कि इस अद्भुत क्षण से वह अपने आप को काफी गौरवान्वित महसूस कर रही है । इस दौरान उनके द्वारा यह भी बताया गया कि पुलिस निरंतर सेवारत रहकर समाज की भलाई के लिए कार्य करती है, परन्तु पुलिस द्वारा की जाने वाली मेहनत की जानकारी आम- जनता तक नही पहुंच पाने के कारण समाज में अधूरी जानकारी पहुचती है । कार्यकारी थाना प्रभारी के रूप में नियुक्त किये जाने से बालिकाओं एवं महिलाओं में एक अच्छा संदेश गया है ।

## पाली के बाद अब बानपुर इलाके में देर रात्रि गांव के बाहर स्थित खेतों के आसपास तेंदुआ देख ग्रामीण हुए भयभीत, गाँव में दहशत का माहौल





ललितपुर। पाली क्षेत्र की जंगली इलाके के बाद अब नाराहट इलाके में तेंदुए की चहल कदमी होने से ग्रामीणों में हड़कंप जैसी स्थिति है और भय का माहौल बना हुआ है। यहां के ग्रामीणों ने टोर्च की रोशनी में देखे हुए एक जंगली जानवर का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया। हालांकि वन विभाग की टीम लगातार अलग-अलग इलाकों में कांबिंग कर रही हैं और आदमखोर जंगली जानवरों को भी खोजने का प्रयास कर रही हैं। इसके साथ ही वन विभाग की टीमों ने कई जंगली इलाकों में ट्रैप कैमरे भी लगाए हैं, जिनकी मदद से घातक जंगली जानवरों को ट्रेस करने का काम किया जा रहा है। इसके बाबजूद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और किसान अपने खेतों पर जाने में सकुचा रहे हैं। बानपुर इलाके के ग्रामीणों का कहना है कि करीब दस से ज्यादा दिन हो गए, रोजाना तेंदू जैसा जंगली जानवर दिखाई देता है। ग्रामीणों का आरोप यह भी है कि उक्त जानवर इस इलाके में अभी तक तीन से चार पालतू मवेशियों को अपना निवाला बन चुका है, जिनके कंकाल इलाके में पड़े हुए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ ग्रामीण द्वारा टोर्च की रोशनी में आदमखोर जंगली तेंदुए जैसा जानवर दिखाई दे रहा है। इस मामले की हड़ताल की गई, तो पता चला कि यह मामला थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नैगुवां दरौनी पाह के बीच का है, जहां के किसानों को आहत हुई थी कि इलाके में आदमखोर जानवर तेंदुआ घूम रहा है। इसके लिए वह खेतों पर रखवाली करते समय टोर्च की रोशनी से जानवर पर नजर बनाए रहते हैं आठ होने पर उन्होंने जब टॉर्च जलाकर देखा तो तेंदुए जैसा जानवर दिखाई दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि 10 दिन से युक्त आदमखोर जानवर इलाके में चहल कदमी कर रहा है जिससे आसपास के सभी लोग दहशत में हैं और खास तौर पर खेतों पर रात्रि में रखवाली करने वाले किसान ज्यादा दहशत में। किसानों का यह भी आरोप है कि वन विभाग की टीम को दो बार इस मामले की सूचना दी गई लेकिन विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने मामला संज्ञान में नहीं लिया और कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त जंगली जानवर इलाके के किसानों के करीब चार पालतू मवेशियों को अपना निवाला बन चुका है जिसके कंकाल इलाके में देखे जा सकते हैं।जब वन विभाग की टीम इलाके में नहीं आई तो वह स्वयं लाठियां लेकर इलाके में रखवाली करने का काम कर रही है, ताकि उनके परिवार सुरक्षित रह सकें। गौरतलाप है कि कुछ दिन पूर्व पाली के ग्राम बंट और उसके आसपास के इलाकों में आदमखोर जंगली जानवर देखे गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीमों ने इलाके में डेरा डाला था, हालांकि उक्त जंगली जानवर उनकी पकड़ में नहीं आया। यहां के फोटो वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चिल्ली वि0 खं0 मुस्करा (हमीरपुर)

पत्रांक–मेमो/विज्ञप्ति/2023–24 — दिनांक 03–12–2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, लघु सिचांई विभाग एवं व्यापारकर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा सेल टैक्स विभाग में पंजीकृत व्यापारियों से अन्ना गौवंश निधि/अन्य वित्त योजना से पाप्त धन से कराये जाने वाले कार्यों में सामग्री आपूर्ति हेतु अलग–अलग मुहरबंद निविदायें दिनांक–11–12–2024 को अपराहन 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय चिल्ली में आमन्त्रित की जाती है, जो कि उसी दिन अपराहन 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निधारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 04–12–2024 से 11–12–2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघर पासबुक या नगद जमा ग्राम पंचायत रूप पत्र 7 के रुप में जो कि ग्राम पंचायत चिल्ली के पदनाम से बन्धक हो, निविदा के संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा स्वीकृति होने पर 100.00 रुपये का स्टाम्प पेपर में अनुबंध करना होगा। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को निरस्त करने/आंशिक अथवा पूर्ण रुप से संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्य का पूर्ण विवरण कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

| क्र. | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य स्थल का नाम | स्वीकृत लागत लाख में | धरोहर धन राशि 2% | निविदा शुल्क + जीएसटी | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | सोलिंग एवं बजरा बिछाई कार्य। | ग्राम पं0 चिल्ली में सोलिंग एवं बजरा बिछाई कार्य साहिब सिंह के खेत से रविन्द्र के खेत तक। (अवशेष सामग्री आपूर्ति) | 125860 | 2517 | 266 | 3 माह |
| 2 | मनरेगा | सोलिंग एवं बजरा बिछाई कार्य। | ग्राम पं0 चिल्ली में रमेश तिवारी से ज्ञान प्रकाश तिवारी के खेत तक सोलिंग बजरा बिछाई कार्य। (अवशेष सामग्री आपूर्ति) | 108845 | 2177 | 266 | 3 माह |

**अन्य शर्तें** :–

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगीं।
3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पहले स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निधारित अवधि में पूर्ण न करने पर बिना नोटिस के अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा, नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किये जायेंगे।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत–चिल्ली**
**विकास खण्ड–मुस्करा (हमीरपुर)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत–चिल्ली**
**विकास खण्ड–मुस्करा (हमीरपुर)**

## बचपन डे केयर सेन्टर में प्रवेशित दिव्यांग बच्चों के साथ विश्व दिव्यांग दिवस मनाया

झांसी। विश्व दिव्यांग दिवस 2024 के अवसर पर मुख्य अतिथि उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या श्री एस0एन0 त्रिपाठी द्वारा दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु प्रत्येक स्तर से सहयोग प्रदान किये जाने की बात कही। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री कृष्ण पाल सिंह द्वारा कायर्क्रम में उपस्थित अभिभावकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ विभाग द्वारा दिव्यांगजनों हेतु संचालित विशेष विद्यालयों के बारे में भी बताया। बचपन डे केयर सेन्टर, झाँसी के समन्वय श्री चन्द्रशेखर द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस को मनाये जाने के उद्देश्यों के बारे बताते हुए कायर्क्रम का संचालन किया। कायर्क्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, नृत्य/गायन/कविता की प्रस्तुति की। अंत में मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि द्वारा दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार एवं पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय, श्रीमती गीता, श्री सीताराम, श्री आनन्द प्रकाश एवं श्री कालीचरन द्वारा उपरोक्त कायर्क्रम के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया। कायर्क्रम में इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन झाँसी की अध्यक्ष डॉ0 प्रीति गुप्ता, सचिव डॉ0 उर्वशी चन्द्रा एवं आई0एम0ए0 के समस्त सदस्यगण, इनरव्हील क्लब (मेन) झाँसी के प्रेसीडेन्ट डॉ0 अलका सेठी तथा सेकेट्री डॉ0 रचना मसून एवं समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

## बांदा स्टेशन पर किलाबंदी कर चलाया गया टिकट जांच महाअभियान

झांसी। मंडल रेल प्रबंधक झाँसी श्री दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा के निर्देशन में बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु बांदा रेलवे स्टेशन पर व ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करते हुए पकडे गए 32 यात्रियों से 34630 रूपए का रेल राजस्व वसूल किया गया। वहीं अनियमित रूप से यात्रा करने वाले 67 यात्रियों से 35145 रु. रेल राजस्व वसूल किया गया। जांच के दौरान कुल 99 अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों से कुल रु.69775/- जुर्माना रेल राजस्व के रूप में वसूल किया गया। जाँच के दौरान विशेष तौर पर गाडीयों में महिला कोच, दिव्यांग कोचकी जांच करते हुए अनाधिकृत यात्रियों को शिफ्ट किया गया। अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक श्री आर के दुबे, ए के मंडल , अभिजीत तोमर, अंशुल त्रिपाठी, आदित्य तिवारी, अमित गुप्ता द्वारा अहम योगदान प्रदान किया गया।

## पीएमईजीपी योजना के अन्तर्गत बैंको से द्वितीय ऋण लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र वेबसाइट पर आमंत्रित

झांसी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री रामकिशोर ने अवगत कराया है कि पीएमईजीपी योजना के अन्तर्गत सहायता प्राप्त इकाइयों जिनकी मार्जिनमनी का समायोजन तीन वर्ष कुशलतापूर्वक कार्य करने के उपरांत बैंक से हो गया हो तथा वर्तमान में कार्य कर रही हों, ऐसी इकाईयों के लिये पीएमईजीपी योजना के अन्तर्गत बैंको से द्वितीय ऋण लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र वेबसाइट पर आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र ऑनलाइन सबमिट करने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर है। अन्य जानकारी हेतु इच्छुक उद्यमी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय इलाइट सिनेमा के पीछे झांसी में किसी भी कार्यदिवस में आकर एवं दूरभाष नं0 0510 2441227 तथा मो0न0 7408410797, 7355954509 पर संपर्क कर सकते है।

## डा0 सांवल नार्थ जोन यूरोलाजिकल सोसायटी आफ इंडिया के बने अध्यक्ष

झाँसी। विगत दिवस नार्थ जोन यूरोलाजिकल सोसायटी आफ इंडिया के गुड़गांव में हुये सालाना अधिवेशन में सोसायटी के वरिष्ठ यूरो सर्जन डा0 ऐ0 के0 सांवल ने अध्यक्ष के रूप में एक भव्य समारोह में कार्यभार ग्रहण किया।

साथ ही साथ डा0 ऐ0 के0 सांवल को यूरोलाजिकल सोसायटी आफ इंडिया की राष्टीय कार्यकारिणी का सदस्य भी नामित किया गया।

डा0 सांवल ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात कहा कि वो यूरोलाजिकल सोसायटी के और अधिक उत्थान के लिए कार्य करेंगे एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से मरीजों में जागरुकता के लिए जन - जागरण अभियान भी चलायेंगे। ज्ञातव्य हो कि नार्थ जोन यूरोलाजिकल सोसायटी में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, जम्मू कश्मीर, राजस्थान आदि राज्य आते हैं। शपथ ग्रहण समारोह में देश - विदेश के लगभग 600 यूरोलाजी के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सहभागिता की।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सीताराम आजाद का पुण्यतिथि समारोह 4 दिसम्बर को

झाँसी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री सीताराम आजाद का 34 वां पुण्य स्मृति समारोह पत्रकार भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर 4 दिसंबर को सुबह 11बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी सीताराम आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप सरावगी समाजसेवी/ संस्थापक अध्यक्ष संघर्ष सेवा समिति, विशिष्ट अतिथि रवि शर्मा नगर विधायक झांसी, प्रदीप जैन आदित्य पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री,भारत सरकार, हरगोविंद कुशवाहा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश होंगे।अन्य सम्मानित अतिथि- सीताराम कुशवाहा, मनोज गुप्ता अध्यक्ष शहर कांग्रेस, अरविंद वशिष्ठ, संतराम पेंटर, बलवान यादव शामिल होंगे। यह जानकारी पत्रकार रिपु सूदन नामदेव ने दी।

## राष्ट्रभक्त संगठन ने कहा-बंगलादेश में हिन्दूओं की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये सरकार उठाये कड़े कदम

झांसी(विश्व परिवार)। राष्ट्रभक्त संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष अंचल अड़जरिया के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन देकर बंगलादेश में हिन्दुओं की जानमाल की सुरक्षा के लिये सरकार से कड़े कदम उठाये जाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में बी0एन0पी0 के नेता फिरोज खान के द्वारा इस्कॉन मंदिर के प्रवक्ता चिन्मयदास पर देशद्रोह का आरोप लगाकर मुकदमा कायम करवाया गया है, जबकि बी0एन0पी0 की नेता शेख हसीना को भारत सरकार शरण दिये हुये है। आज सम्पूर्ण बांग्लादेश का हिन्दू हिंसा, लूटपाट, बलात्कार जैसी घटनाओं का लगातार शिकार हो रहा है। चिन्मय दास के वकील रमन रॉय पर भी कल कातिलाना हमला किया गया और वह जिन्दगी और मौत से जूझ रहे है। अल्प संख्यक हिन्दू, बौद्ध, सिक्ख, इसाई सभी का बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के कारण जीना दूभर है। प्रधानमंत्री से मांग की गयी कि वह अमेरिका, यूनाईटेड नेशन सहित अन्य सभी से वार्ता कर बांग्लादेश में हिन्दूओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराये जाने व 8 सूत्रीय मांग जो बांग्लादेश के हिन्दूओं द्वारा की जा रही है उस पर अमल हो। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अर्पित शर्मा, राहुल, दीपक वर्मा, भूपेंद्र, गोलू, सीताराम, अभिषेक, आशुतोष, सोनू, सोवियत विशाल, पंकज, हनी मानू, कैलाश, महेंद्र, दीपेंद्र, निशु, नरेंद्र सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जय जिनेन्द्र

हमारे यहां उचित रेटों पर मकान निर्माण एवं बाउण्ड्रीवाल का कार्य लेवर रेट, विद मटेरियल उचित रेटों पर किया जाता है।

निर्माण के लिए सम्पर्क करें

6265309963



प्रो.-हीरू जैन

ठेकेदार

## चार शातिर चोर सलाखों में, 9 लाख के जेवर व लग्जरी कार बरामद, कई राज खुले

झांसी(विश्व परिवार)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी के कुशल निर्देशन एवं सतत मार्गदर्शन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में शिव परिवार कॉलोनी, चौकी क्षेत्र उन्नाव गेट, थाना कोतवाली, जनपद झाँसी में घटित चोरी/ गृहभेदन की घटना का सफल अनावरण कर प्रकाश में आये अंतर्राज्यीय 4 अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी हुए सोने-चाँदी के आभूषण (कीमत करीब 09 लाख रुपए) बरामद हुये।

बताते चलें कि 15 नवम्बर को श्रीमती प्रतिभा राय पत्नी स्व. अखिलेश राय निवासी- शिव परिवार कॉलोनी, पंचवटी निकट बुन्देलखण्ड डेंटल, जनपद झाँसी के घर में चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस चोरी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। इसके अलावा श्री रमेश चंद्र साहू पुत्र श्री हल्केराम साहू निवासी अयोध्यापुरी कॉलोनी, थाना सीपरी बाजार के यहां चोरी की घटना हुयी, जिसके सम्बन्ध में सीपरी बाजार थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इन घटनाओं के खुलासे के लिये एसएसपी द्वारा टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर इन घटनाओं को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये बदमाशों के पास से 1 हार, 3 अंगूठी, 2 चैन, 2 जोड़ी झुमकी, 5 जोडी टॉप्स, 2 कंगन, 8 चूड़ी, 1 नथ, बैंदी 1 पीली धातु, पायल 5 जोडी सफेद धातु के अलावा एक लग्जरी हुण्डई आई टेन कार सिल्वर कलर व 1 लोहे का रॉड बरामद किया गया। बरामद किये गये जेवरों की कीमत लगभग 9 लाख रूपये बतायी गयी है।

पुलिस के अनुसार जिन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, उनके नाम क्रमशः वीरेन्द्र उर्फ भोला पासवान निवासी ग्राम बहादुर छपरा, थाना मुसहरी, ब्लॉक व जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) हाल पता हैप्पी के मकान में बतौर किरायेदार अमन नगर थाना जमालपुर जिला लुधियाना (पंजाब), जसवीर उर्फ जस्सा निवासी शिमलापुरी सीट नं0 16 जैन का ठेका, थाना शिमलापुरी, जिला लुधियाना (पंजाब), राजू निवासी वशिष्ठ कॉलोनी, हाउस नं0 1976/10, थाना थानेसर, जिला कुरूक्षेत्र (हरियाणा), राजेश निवासी ग्राम सिमरहिया थाना मडावरा जिला छपरा (बिहार) हाल पता वागा पुराना थाना बागापुराना जिला मोगा (पंजाब) बताये गये हैं।

## सदस्य राज्य महिला आयोग के कर-कमलों से हुयी आंगनवाड़ी केंद्र बैदौरा में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं शिशुओं की अन्नप्राशन रस्म





झांसी(विश्व परिवार)। सदस्य, राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी द्वारा अपने भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केंद्र बैदौरा विकास खण्ड बबीना का निरीक्षण किया गया। सदस्या ने आंगनवाड़ी केंद्र पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र की महिला लाभार्थियों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनपद के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर महिला आयोग के दिशा-निर्देशों की संक्षिप्त जानकारी को चस्पा कराया जाए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रो पर सभी महिलाओं की समस्याओं से सम्बन्धित टोल फ्री नम्बरों की सूची को भी चस्पा कराया जाये। उन्होने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने क्षेत्र में निवासरत किशोरियों एवं महिलाओं को महावारी के समय सेनेटरी नेपकिन अनिवार्य रुप से उपलब्ध करायें, जिससे महिलाओं को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान की जा सके।

सदस्य, राज्य महिला आयोग ने आंगनवाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम में शिशुओं का अन्नप्राशन कराया। इस दौरान आयोजित सामाजिक सद्भावना कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सदस्या, राज्य महिला आयोग ने उपस्थित जनसमूह से मृत्युभोज एवं सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करने की अपील की। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई/निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी बबीना श्री दिनेश सिंह राजपूत, मुख्य सेविका अरुणा देवी, मुख्य सेविका अर्चना नागर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ग्रामीण महिलायें उपस्थित रही।

## आदिवासी बस्ती में गर्म वस्त्रों का वितरण करने पहुँचा संघर्ष महिला संगठन



झांसी(विश्व परिवार)। संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में ग्राम डेली के समीप स्थित आदिवासी बस्ती में गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। समय के साथ सर्दी के मौसम का भी प्रकोप बढ़ता जा रहा है। कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में अभाव में छोटे बच्चे और बुजुर्ग बीमार या कल कावलित हो जाते हैं जो कि हम सभी के लिए बड़ी ही चिंता का विषय है। शहरों में रहने वाली जनता के घरों में अधिकांशतः पुराने वस्त्रों का ढेर लगा रहता है, लेकिन समयाभाव या अंय कारणों से वे उन वस्त्रों को गरीबों में बांटने से परहेज करते हैं।

संघर्ष महिला संगठन ने अपने संगठन की महिलाओं से आव्हान किया था कि वह अपने और अपने परिचित के घरों से गर्म वस्त्रों को एकत्रित कर गरीब बस्तियों में बांटने का कार्य करें। वस्त्र वितरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संघर्ष महिला संगठन की अध्यक्ष सपना सरावगी ने कहा कि संघर्ष महिला संगठन विगत दो वर्षों से सर्दियों के मौसम में कंबल और वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है इसी क्रम में आज हम सभी सदस्य गण डेली ग्राम की आदिवासी बस्ती में पहुंचे हैं। जहां हमने यहां उपस्थित बच्चों को गर्म वस्त्र एवं खाद्यान्न वितरित किए हैं और हमने यहां रहने वाले लोगों से अपील की है कि उन्हें और अधिक गर्म वस्त्रों की आवश्यकता हो तो बिना संकोच हमारे संगठन में संपर्क कर सकते हैं। हम आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे।

इस अवसर पर चार्टर अध्यक्ष सपना सरावगी, अध्यक्ष नेहा तिवारी, उपाध्यक्ष मोना राय, कोषाध्यक्ष रक्षा शर्मा, सचिव अंजली अग्रवाल एवं वरिष्ठ सदस्य के रूप में शिल्पी गुप्ता, प्रेरणा सहवानी, ओमनी राय के साथ प्रियंका परीक्षा, राधा अग्रवाल, ज्योति नगरिया एवं ज्योत्सना आदि उपस्थित रहे।

## भारत हो या बांग्लादेश, हम सब हिन्दू एक हैं के उद्घोष से गूंजा झाँसी महानगर

झांसी(विश्व परिवार)। झाँसी में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के विरोध में हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश हिन्दू रक्षा समिति के बैनर तले रैली निकाली गयी। जीवन शाह तिराहा स्थित एस. पी.आई. इंटर कॉलेज परिसर में एकत्र होकर हजारों की संख्या में लोग इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। रैली में समस्त हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। रैली एस. पी. आई. इंटर कॉलेज से प्रारम्भ होकर जीवन शाह तिराहा, इलाइट चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहां सैंकड़ों की संख्या में एकत्रित हिन्दू समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें मांग की गई कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाया जाए और इसे रोका जाए।

ज्ञापन के माध्यम से बांग्लादेश में हिंदुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियो द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार की ओर अवगत कराया गया कि बांग्लादेश के अंदर जिस प्रकार से हिंदू संस्कृति के मानबिंदुओं हिंदू देवालयों पर लक्षित हमले हो रहे हैं, वह अत्यंत चिंताजनक है। वर्तमान की बांग्लादेश सरकार तथा उसकी अन्य एजेंसियां इसे रोकने के स्थान पर केवल मूकदर्शक बन करके बैठी हुई हैं। विवशतावश बांग्लादेश के हिंदुओं द्वारा स्वरक्षण हेतु लोकतांत्रिक पद्धति से उठाई गई आवाज को दबाने हेतु उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभर रहा है। अभी तुरन्त के घटनाक्रम में बांग्लादेश में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु जी को बांग्लादेश सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना, उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक, अमानवीय एवं हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। हम प्रारंभ से ही यह मांग कर रहे हैं कि बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है, उसमें वामपंथी इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे हैं। यह दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय के वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी एवं जैसी रोक लगनी चाहिए थी, वैसी रोक नहीं लगाई है।

ज्ञापन में कहा गया कि भारत सरकार का प्रतिउत्तर इस विषय में बहुत ही सावधानीपूर्वक और न्यूनतम रहा है। एक संप्रभु देश की स्वायत्तता को किसी प्रकार से चुनौती देना दूसरे देश की सरकार के लिए ठीक नहीं है, परंतु एक बड़े हिंदू समुदाय का इस प्रकार का उत्पीड़न पूरा विश्व सारे पड़ोसी देश व भारत सरकार सिर्फ देखते रहें और कुछ भी कार्यवाही नहीं करें यह भी स्वीकार नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से निवेदन के साथ यह मांग की गई कि भारत सरकार की अग्रणी भूमिका में विश्व समुदाय इन सब घटनाओं को अपने संज्ञान में लेते हुए बांग्लादेश सरकार के ऊपर दबाव बनायें और हिंदुओं के ऊपर उत्पीड़न व अत्याचार एवं देवालयों को लक्षित करके निशाना बनाए जाने की घटनाओं को तत्काल रोकें। तुरंत प्रभाव से इस्कॉन के मुख्य पुजारी श्री चिन्मय कृष्ण दास प्रभु जी की तत्काल रिहाई की जाए और किसी भी हिंदू नेता, हिंदू पुजारी,हिंदू संत,धार्मिक गुरु को बिना किसी कारण से उत्पीड़न एवं गिरफ्तार करने की कार्यवाही बंद हो। इस दिशा में भारत सरकार की गंभीर एवं प्रभावी पहल हेतु महामहिम का हस्तक्षेप एवं निर्देश अपेक्षित है। जिसके लिए सम्पूर्ण हिन्दू समाज आपसे निवेदन करता है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने हिंदू समाज को एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि एकजुटता से ही अत्याचार का सामना किया जा सकता है।

रैली के दौरान भारत माता की जय, जय श्रीराम, भारत हो या बांग्लादेश, हम सब हिन्दू एक हैं, हर हिन्दू की यही पुकार नहीं सहेंगे अत्याचार, हिन्दू नरसंहार बंद करो, बंद करो, बंद करो, के नारों से पूरा झाँसी महानगर गूंज उठा। बांग्लादेश हिंदू सुरक्षा समिति के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। बांग्लादेश हिंदू रक्षा समिति ने कहा कि 5 अगस्त से बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ यह मांग की गई है कि इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाए। आज के प्रदर्शन में हजारों लोगों की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि हिंदू समाज इस अन्याय के खिलाफ एकजुट है और इसे रुकवाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

इस अवसर पर बंगलादेशी हिंदू रक्षा समिति के समस्त पदाधिकारियों में नरेन्द्र गुप्ता (दद्दू), कुमार वैभव तिवारी, विनोद अग्रवाल, भागीरथ सिंह, बृजेश मिश्र, डॉ0 संतोष कुमार राय, संजय राष्ट्रवादी, पूनम बुधरानी, डॉ0 मोनिका गोस्वामी, अनिल श्रीवास्तव, मुनीश जी, अखण्ड प्रताप जी, धर्मेंद्र जी, मुकुल जी, पुरुकेश सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं हिन्दू संगठनों से पदाधिकारी व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा ने खोला नर्सिंग होम्स के खिलाफ मोर्चा

### मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भेंट



झांसी(विश्व परिवार)। बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मंडल आयुक्त एवं जिला अधिकारी के माध्यम से भेंट किया गया। ज्ञापन में बुन्देलखण्ड क्षेत्र की चिकित्सीय व्यवस्था की ओर कराते हुए निवेदन किया गया कि अति पिछड़े एवम् बदहाल क्षेत्र बुन्देलखण्ड में लोगो के पास धन का बहुत अभाव है, जिस कारण यहां के लोग सरकारी चिकित्सीय सुविधाओ पर निर्भर रहते है। आधे से भी ज्यादा चिकित्सीय पद खाली पड़े है। साथ ही चिकित्सीय उपकरण व संसाधनों की भी बहुत कमी हैं। बुंदेलखंड में समस्त मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सी. एच. सी. एवम् पी.एच. सी. में जितने भी मेडिकल, पैरा मेडिकल, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पद रिक्त हैं, उन्हे प्राथमिक स्तर पर भरा जाए, जिससे गरीब लोगो को सस्ती एवम् अच्छी चिकित्सीय सुविधा प्राप्त हो सके।

ज्ञापन में कहा गया कि बुन्देलखण्ड में धड़ल्ले से बिना नक्शा पास करवाए एवं गैर भू उपयोग वाली भूमि पर निर्माण कर अवैध नर्सिंग होम्स कार्य कर रहे है। बिना अग्नि शमन की नर्सिंग होम के लिए बनी नियमावली के विपरीत मात्र छोटा सा यन्त्र लगवाकर अग्नि शमन विभाग अनुमति पत्र जारी कर रहा है। प्रदूषण विभाग को कोई लेना देना नही है कि चिकित्सीय अपशिष्ट को कैसे और कहां नष्ट किया जाए तथा नर्सिंग होम में प्रदूषण की स्तिथि कैसी है, ये जांच की ही नहीं जाती। वही दवाएं लिखी जाती है, जो संबंधित चिकित्सक के नर्सिंग होम में स्थापित केमिस्ट की दुकान पर ही मिलती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कैसे अनुमति जारी कर अवैध नर्सिंग होम्स का संचालन करवा रहे है, इन सभी गंभीर विषयों पर अनेक बार वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने पर जांच के नाम पर जांच करके शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। अवैध नर्सिंग होम्स के संचालन में महंगी चिकित्सा के कारण लोगो के निजी मकान, जमीन और यहां तक कि पत्नी का मंगलसूत्र तक बिक जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार से संबंधित अधिकारी वरिष्ठ अधिकारियों के जांच के आदेशों की अव्हेलना कर स्थानीय अधिकारी अपनी जेब भरते है या फिर सब कुछ प्रदेश स्तर तक व्यवस्थित है, जिस कारण प्राइवेट नर्सिंग होम्स इतनी कमियों के बाबजूद धड़ल्ले से कार्य कर रहे है।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकारी चिकित्सको की प्राइवेट प्रैक्टिस पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, जिसके बदले सरकारी चिकित्सको को नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस दिया जाता है, परन्तु उत्तर प्रदेश सरकार अपने प्रतिबंध को लागू करवा पाने में भ्रष्टाचार के कारण असफल सिद्ध हो रही है। इससे बेहतर है कि उत्तर प्रदेश सरकार को सरकारी चिकित्सको की प्राइवेट प्रैक्टिस से प्रतिबंध समाप्त कर देना चाहिए, जिससे चिकित्सको का उत्पीड़न समाप्त हो सके व नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस नही देना पड़ेगा, जिससे बचने वाली बड़ी धनराशि से सरकार अनेक चिकित्सकों की नियुक्ति कर अस्पतालों में रिक्त पड़े पदों को भर कर लोगो को सुलभ चिकित्सा उपलब्ध करवा सकती है। चिकित्सा के क्षेत्र में आउट सोर्स पूरी तरह समाप्त कर दी जाए। चिकित्सा में लोगों के जीवन को खतरा पैदा हो जाता है, इसलिए इसमें हाइली स्किल्ड लोगों को पूरे वेतन पर रखा जाना चाहिए। ज्ञापन में कहा गया कि उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर अगर 15 दिन के भीतर बुन्देलखण्ड के नर्सिंग होम्स की बिंदुवार एवं विस्तृत जांच नहीं कराई गई तो बाध्य होकर बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा मुख्यमंत्री, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ मंत्री एवं दोनों मण्डल आयुक्त व जिला अधिकारियों का विरोध करने को बाध्य होगे।इस दौरान रघुराज शर्मा, कुंवर बहादुर आदिम, हनीफ खान, अनिल कश्यप,प्रदीप झा, अनुराग मिश्रा, सचिन साहू, कलाम कुरेशी, प्रभु दयाल, सईदा बेगम, मोहन लाल रायकवार आदि उपस्थित रहे।

## हैलीकॉप्टर से हवा में उड़कर गांव में पहुंची दुल्हन

### गांववालों की देखने को लगी भीड़




झांसी(विश्व परिवार)। कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए एक पिता की अंतिम इच्छा को उसके पुत्र ने पूरा करते हुए बहन की विदाई हेलीकॉप्टर से कराई। जैसे ही हेलीकॉप्टर गांव में पहुंचा, एक कौतूहल का विषय बन गया। महिलाएं बच्चे बुजुर्ग दौड़ लगाकर हेलीकॉप्टर ओर उसमें सवार दूल्हा दुल्हन को अपनी मुस्कुराती निगाहों से निहारते रहे।

बता दें कि मध्य प्रदेश पुलिस में तैनात रहे शहीद मूल रूप से झांसी जनपद के ग्राम पालर के निवासी राजबहादुर ने उन्होंने पूर्व में ही ठान लिया था कि वह अपनी एक बेटी पूजा की डोली हेलीकॉप्टर से विदा कराएंगे, लेकिन समय का चक्र था कि वह ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन समाज हित में कार्य करते हुए शहीद हो गए थे। उनका यह अधूरा सपना शहीद के पुत्र यदुवीर सिंह ने पूरा किया और अपनी बहन पूजा की विदाई धूमधाम से हेलीकॉप्टर से कराई। नवाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मैरी निवासी जितेंद्र सिंह यादव उर्फ जीतू के पुत्र अभिषेक का विवाह पूजा के साथ तय हुआ था। सोमवार को अभिषेक घोड़ी चढ़कर दुल्हन को लेने शादी समारोह स्थल पर पहुंचे। शादी समारोह की सारी रस्में पूरी हुई। आज दोनों परिवार के लोग विदाई समारोह की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक आसमान से हेलीकॉप्टर विवाह स्थल पर उतरा। यह नजारा देख सभी अचंभित हो गए।

दरअसल, हेलीकॉप्टर से विदाई समारोह होना है, इस बात की परिवार के सदस्यों के अलावा किसी को जानकारी नहीं थी। यह एक भाई का अपनी बहन को सरप्राईज था, जिसे देख लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। दुलहन को लेकर दुल्हा हेलीकॉप्टर में सवार होकर अपने निवास ग्राम मैरी पहुंचा। जहां हेलीकाप्टर देख ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान दूल्हा अभिषेक ने बताया कि हेलीकाप्टर से विदाई का यह आयोजन दुलहन के भाई की ओर से दोनो को गिफ्ट था।

## केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस



झांसी(विश्व परिवार)। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे झाँसी एवं ललितपुर के केन्द्रीय विद्यालय के 300 से अधिक विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि शिक्षा के महत्व को उजागर करना और छात्रों को इस क्षेत्र में भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना था। डॉ. प्रशान्त जामभुलकर, विभागाध्यक्ष, पादप रोग विभाग ने स्वागत संबोधन देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पंकज कौशल, निदेशक, भारतीय चारा एवं चारा अनुसंधान संस्थान ने अपने संबोधन में कृषि शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और विकास की संभावनाओं पर विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कृषि शिक्षा न केवल हमारी खाद्य सुरक्षा का आधार है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है। डॉ. अनिल कुमार, निदेशक शिक्षा ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस का यह आयोजन विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो कृषि क्षेत्र में शिक्षा, शोध, प्रसार और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि ही एक ऐसी संस्कृति है जो 50 प्रतिशत लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करती है। कृषि ने कोविड काल में भी अपनी प्रासंगिकता को बनाये रखा। इसके बाद डॉ. एस.एस. सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा, ने कृषि क्षेत्र में शिक्षा के महत्व और इसके व्यापक अवसरों पर जानकारी दी और बताया की कृषि शिक्षा के माध्यम से युवा उद्यमिता, अनुसंधान, और कृषि व्यवसाय के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। डॉ. वी.पी. सिंह, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान, ने पशु चिकित्सा और मत्स्य शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी और बताया की पशु और मछली आधारित उद्योगों में तकनीकी विशेषज्ञता और अनुसंधान के लिए मांग बढ़ रही है। यह शिक्षा ग्रामीण विकास, खाद्य सुरक्षा, और आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देती है। वहीं, डॉ. गौरव शर्मा, विभागाध्यक्ष, फूलों की खेती और भू-दृश्यीकरण विभाग, ने उद्यानिकी क्षेत्र में शिक्षा की संभावनाओं पर चर्चा की और बताया की उद्यानिकी शिक्षा पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का समापन डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, सहायक प्राध्यापक (कृषि प्रसार एवं संचार), द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ तथा डॉ. प्रियंका वरुण एवं प्रिंसी बुंदेला कार्यक्रम में मौजूद रही । विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया साथ ही झाँसी एवं ललितपुर से आये केन्द्रीय विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने विश्वविद्यालय में कृषि सम्बंधित जानकारी प्राप्त की एवं विश्वविद्यालय भ्रमण किया।

## पुण्य तिथि पर याद किये गये हॉकी जादूगर दद्दा ध्यानचंद

झांसी। हीरोज क्रीड़ा विकास समिति द्वारा मंगलवार को हीरोज खेल मैदान पर पद्म भूषण मेजर दद्दा ध्यानचंद की पुण्यतिथि पर ओलंपियन अशोक ध्यानचंद, नगर के वरिष्ठ खिलाड़ियों,हीरोज क्रीड़ा विकास समिति के सदस्यों द्वारा दद्दा की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद रूप सिंह और ध्यानचंद इलेवन के मध्य एक सिक्स ए साइड हॉकी मैच खेला गया, जिसमें रूप सिंह इलेवन ने ध्यानचंद इलेवन को सडेन डेथ में 4-3 से हराया। मैच के अंपायर जावेद अल्ताफ और सुनील कुमार रहे। मैच समाप्ति के बाद दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्डी अशोक ध्यानचंद ने पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अब्दुल अजीज, इशरत हुसैन, अशोक सेन पाली, फिल्म एक्टर गौरव प्रतीक,बृजेंद्र यादव, पार्षद उमेश जोशी,पी एन गुप्ता,अशोक काका,मोहमद शाहिद,तुषार सिंह,विवेक सिंह,अरुण कुमार सिंह,अजय सिंह,राजीव सिंह,उषा सिंह,ज्योति सिंह,चंदा,शंकर, वली मोहमद,कौशल सिंह,गोल्डी,पप्पन पाठक, ज्योति थापा आदि उपस्थित रहे। संचालन सुनील शर्मा ने किया एवं सभी का आभार तुषार सिंह ने व्यक्त किया।